# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


■ 30 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ करेंगे भोज, अमित शाह, सीएम साय और गृह मंत्री विजय शर्मा भी रहेंगे मौजूद



■ बस्तर पंडुम के विजेता, परगना मांझी चालकी और पद्मश्री सम्मानित प्रतिनिधि बनेंगे इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा

# नक्सल खात्मे के बाद भरोसे की उड़ान, राष्ट्रपति भवन में सम्मान पाएंगे बस्तर के 186 मेहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

कभी देशभर में नक्सल हिंसा की खबरों से पहचाना जाने वाला बस्तर अब राष्ट्रपति भवन में मेहमान बनने जा रहा है। बस्तर की सांस्कृतिक विरासत, आदिवासी नेतृत्व और नई पीढ़ी की प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला 186 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 30 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेगा और उनके साथ विशेष भोज में शामिल होगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में बस्तर पंडुम-2026 के 97 ▶▶| शेष पेज 7 पर







## इन 12 विधाओं के विजेता बनेंगे राष्ट्रपति भवन के मेहमान

बस्तर पंडुम-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन 12 पारंपरिक विधाओं से किया गया है। इनमें जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य प्रदर्शन, जनजातीय वाद्ययंत्र प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा प्रदर्शन, जनजातीय आभूषण प्रदर्शन, जनजातीय शिल्प प्रदर्शन, जनजातीय चित्रकला प्रदर्शन, जनजातीय पेय पदार्थ प्रदर्शन, जनजातीय व्यंजन प्रदर्शन, आंचलिक साहित्य प्रदर्शन और बस्तर वन औषधि प्रदर्शन शामिल हैं। इन विधाओं के विजेता और प्रतिनिधि 30 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उनके साथ विशेष भोज में भाग लेंगे।

## क्या है बस्तर पंडुम

बस्तर पंडुम छत्तीसगढ़ सरकार की एक विशेष सांस्कृतिक पहल है, जिसका उद्देश्य बस्तर की समृद्ध आदिवासी परंपराओं, लोक कला, लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक जनजातीय व्यवस्था को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। गोंडी भाषा में 'पंडुम' का अर्थ उत्सव होता है। इस आयोजन के माध्यम से आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और बस्तर की सकारात्मक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन जाने ▶▶| शेष पेज 7 पर

**दिल्ली भ्रमण करेगा प्रतिनिधिमंडल :** यात्रा का उद्देश्य केवल राष्ट्रपति से मुलाकात तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर से आए ▶▶| शेष पेज 7 पर


सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹110453/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹134900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹147256/- |

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur




# घेराव में भिड़े भाजपा-कांग्रेस

## पुलिस ने वॉटर कैनन और आंसू गैस छोड़े

16 पुलिसकर्मी भी घायल





हरिभूमि के फोटोग्राफर रमन हलवाई भी चपेट में आए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*नई दिल्ली में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री निवास का घेराव किया था, जिसके विरोध में भाजपा ने बुधवार को शंकर नगर स्थित राजीव भवन कांग्रेस मुख्यालय का घेराव किया। भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में निकले थे। दोपहर तीन बजे प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड्स तोड़कर भाजपा सदस्य आगे बढ़ रहे थे, तभी कांग्रेस के कार्यकर्ता सामने आ गए। इस दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। इसे देख सुरक्षा में खड़े पुलिस को वॉटर कैनन और आंसू गैस के गोले भीड़ में चलाने पड़े। कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित हुआ। आंसू गैस की वजह से कई को परेशानी हुई। कुछ मीडियाकर्मी भी चपेट में आ गए। 16 पुलिस कर्मी भी घायल हो गए। हरिभूमि के फोटोग्राफर रमन हलवाई भी आंसू गैस से प्रभावित हो गए। भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे को टकराव के लिए जिम्मेदार ठहराया।*

## छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इंकार

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-वक्त नहीं, वहीं हाईकोर्ट का आदेश, संभालकर रखें छात्र आंदोलन का फुटेज

*नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' का विरोध प्रदर्शन जारी है। बुधवार को देशभर में कांग्रेस और भाजपा का भी विरोध प्रदर्शन हुआ। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से बुधवार को इंकार कर दिया। वहीं हाईकोर्ट ने निर्देश दिया, पुलिस की कार्रवाई से जुड़े सभी जरूरी रिकॉर्ड सुरक्षित रखें, जिसमें सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और अन्य वीडियोग्राफी शामिल हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत का समय बर्बाद न करें। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा, पुलिस की बर्बरता से जुड़े वीडियो भी मेरे पास हैं। यदि इस मामले को गुरुवार को सूचीबद्ध किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ पुलिस ने कथित तौर पर बर्बरता की और याचिका में तीन अनुरोध किए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध ठुकराते हुए स्पष्ट किया कि पीठ इस स्तर पर वीडियो देखने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, हमें वीडियो में कोई दिलचस्पी नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है। हम वीडियो ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के बीच कांग्रेस और भाजपा का भी विरोध प्रदर्शन





### भाजपा-कांग्रेस का एक-दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही है, जबकि भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा देश भर में कांग्रेस दफ्तरों के बाहर विरोध प्रदर्शन की। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह कदम कांग्रेस के अनियंत्रित व्यवहार के जवाब में उठाया गया है। भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास के बाहर प्रदर्शन कर अपने संवैधानिक पद से जुड़े विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांग्रेस नेता देश को बांटकर सत्ता में आना चाहते हैं।

### अनशन खत्म करने को तैयार वांगचुक

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपना अनशन खत्म करने की बात कही है। हालांकि इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार के सामने शर्त भी रखी है। वांगचुक ने अपने पत्र में मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### छात्रों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं : नड्डा



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस मुद्दे पर विपक्ष पर हमला किया और कहा कि छात्रों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रवार्ता में श्री नड्डा ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारी है वहां भी पेपर लीक हुए। झारखंड, हिमाचल और बंगाल में भी पेपर लीक हुए। पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है।

### राहुल बोले-प्रदर्शनकारी छात्र आतंकवादी नहीं



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को मोदी सरकार पर भारत की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया और नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के प्रति पूरा समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत उनकी सभी मांगें पूरी तरह जायज हैं और उन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

## सरकारी कालेज, कुछ कोर्स में खाता तक नहीं खुला

# कहीं एडमिशन के लिए मारामारी तो कहीं छात्रों के लिए तरसे

*रायपुर में बीएससी में एक भी प्रवेश नहीं, अंबिकापुर में 70 छात्रों पर 15 अतिथि व्याख्याता, कोरबा के कई कॉलेज भी तरस रहे विद्यार्थियों के लिए*

रायपुर- रुचि वर्मा/अंबिकापुर-अजय नारायण पांडेय/ कोरबा- अरविंद पांडेय की रिपोर्ट

खास खबर

उच्च शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में नए शासकीय महाविद्यालय खोले गए। उसका असर भी हुआ। बड़ी संख्या में छात्रों ने स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियां लीं। लेकिन वक्त के साथ बहुत कुछ बदल गया है। निजी विश्वविद्यालयों की बाढ़ आने, नए-नए कोर्स शुरू होने और परंपरागत कोर्स के प्रति छात्रों का रुझान कम होने का असर दिखने लगा है। हालांकि कुछ सरकारी कालेज का क्रेज अभी भी है लेकिन ढेरों कॉलेज छात्रों के लिए तरस रहे हैं। हालत यह है कि बीए-बीकॉम जैसे पारंपरिक पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि बीएससी, बीबीए और बीसीए जैसे लोकप्रिय कोर्सों में भी सीटें खाली हैं। दूसरी ओर पुराने और प्रतिष्ठित सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए 80 से 90 प्रतिशत तक की कटऑफ जा रही है। रायपुर, अंबिकापुर और कोरबा से मिली रिपोर्ट बताती हैं कि नए कॉलेजों में बुनियादी ढांचा और शिक्षक तो हैं, लेकिन छात्र नहीं पहुंच रहे।

रायपुर जिले ▶▶| शेष पेज 7 पर







### अंबिकापुर में सात आठ छात्रों पर एक अतिथि व्याख्याता

अंबिकापुर के धौरपुर स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय की तस्वीर भी कुछ अलग नहीं है। वर्ष 2018 से संचालित इस कॉलेज में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में 60-60 सीटें स्वीकृत हैं, लेकिन इस वर्ष अब तक केवल 70 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। पिछले वर्ष यह संख्या 125 थी। क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल होने और हर साल बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के 12वीं उत्तीर्ण करने के बावजूद कॉलेज की अधिकांश सीटें खाली रह जाती हैं। कॉलेज ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कोरबा में यही हाल

कोरबा जिले के कई सरकारी कॉलेजों में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिले के लगभग 15 महाविद्यालयों में पढ़ाई मुख्य रूप से अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रही है, जबकि छात्र संख्या लगातार घट रही है। विश्वविद्यालय के निर्देश पर पिछले दो वर्षों से शाला पोषक अभियान चलाए जाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। शहर के पीजी कॉलेज, कटघोरा और भैसमा जैसे पुराने कॉलेजों में अपेक्षाकृत अच्छी छात्र संख्या है, लेकिन कई नए या छोटे कॉलेजों में सीटें खाली हैं। बंजारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आखिरी चरण में उम्मीद

शुरुआती चरण में छात्र बड़े महाविद्यालयों को प्राथमिकता देते हैं। हमें उम्मीद है कि अंतिम चरण में छात्र बढ़ेंगे।

- डॉ.तपेश गुप्ता
प्राचार्य, अम्लीडीह महाविद्यालय

### क्यों घट रहा है सरकारी कॉलेजों का आकर्षण?

विशेषज्ञों के अनुसार इसके पीछे कई कारण हैं। विद्यार्थी अब रोजगारपरक और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दे रहे हैं। निजी विश्वविद्यालयों और प्रोफेशनल संस्थानों के बढ़ने से विकल्प बढ़े हैं। कई नए शासकीय महाविद्यालय ऐसे क्षेत्रों में खोले गए हैं, जहां अपेक्षित संख्या में विद्यार्थी नहीं मिल पा रहे हैं। वहीं कुछ छात्र 12वीं के बाद सीधे प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार या अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर रुख कर रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि नए सरकारी कॉलेजों में सीटें खाली हैं, जबकि पुराने प्रतिष्ठित कॉलेजों में आज भी प्रवेश के लिए ऊंची कटऑफ लग रही है।

## सुरंग से अब तक 13 शव निकाले गए

**नामची।** सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन 'एनएचपीसी तीस्ता चरण-6 जलविद्युत परियोजना' की सुरंग से बुधवार को एक और मजदूर का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही हादसे में मारे गए लोगों में से अब तक 13 मजदूरों के शव बाहर निकाले जा चुके हैं। मीथेन गैस के संदिग्ध विस्फोट के बाद सुरंग ढहने से कुल 20 मजदूरों की मौत हो गई थी। सुरंग के भीतर कीचड़ और पानी जमा हो जाने के कारण राहत एवं बचाव कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, जिसे बुधवार सुबह दोबारा शुरू किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आसनसोल की बचाव टीम ने तड़के ही अभियान संभाल लिया।

सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट का फैसला

# अग्निवीरों को सिपाही भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण, किसानों के लिए बनेगी उपसमिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में किसानों और अग्निवीरों से जुड़े दो महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने पुलिस आरक्षक, वनरक्षक और जेल प्रहरी की सीधी भर्ती में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। वहीं खरीफ ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनेगी मंत्रिमंडलीय उपसमिति

### डिप्टी सीएम सहित मंत्री होंगे शामिल

इस उपसमिति में उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, कैबिनेट मंत्री, सहकारिता विभाग एवं कैबिनेट मंत्री, वित्त विभाग को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त उप समिति के संयोजक होंगे। उपसमिति ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अग्निवीरों को आरक्षण

मंत्रिपरिषद की बैठक में अग्निवीर सैनिकों के पुनर्वास एवं सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद ने राज्य की तृतीय श्रेणी के पदों- पुलिस विभाग में आरक्षक, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सीएम की घोषणा पर अमल

*यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में की गई घोषणा के अनुपालन में लिया गया है। इस आरक्षण का लाभ उन अग्निवीर सैनिकों को मिलेगा, जिन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों में चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद वैध सेवा प्रमाणपत्र के साथ सेवामुक्ति प्राप्त की हो। इस निर्णय से अग्निवीर सैनिकों को राज्य की सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे तथा उनके अनुभव और अनुशासन का लाभ पुलिस, वन एवं जेल प्रशासन को मिलेगा।*

## कुछ की योग्यता एमबीबीएस तो कुछ सीनियर रेसीडेंट से बन गए विभागाध्यक्ष

# स्टूडेंट और मरीज भगवान भरोसे, जांजगीर मेडिकल कालेज में एमबीबीएस को बना दिया प्रभारी एचओडी

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

अलग खबर

चिकित्सा शिक्षा विभाग अब नए मेडिकल कालेजों में आने वाले स्टूडेंट और मरीजों, दोनों को परेशानी में डाल रहा है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग यानी एनएमसी के नियमों से बचने के लिए जांजगीर-चांपा के शासकीय मेडिकल कालेज में संचालित होने वाले ज्यादातर विभागों में नए-नवेले डाक्टरों, एमबीबीएस को प्रभारी अधिकारी (एचओडी) बना ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इन नामों की चर्चा

जांजगीर में जिन डाक्टरों में विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है उनमें दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी डा. इकबाल हुसैन, आपात चिकित्सा की प्रभारी डा. ममता सिंह, एमबीबीएस है। इसी तरह कम्युनिटी मेडिसिन की डा. डर्विन डिसूजा, जनरल मेडिसिन की डा. शहबाज खांडा, नेत्र रोग विभाग की डा. निकिता पीजी बांड ड्यूटी के बाद सीधे प्रभारी अधिकारी बना दिया गया है। वहीं डा. नितिन जुनेजा, डा. पुष्पेन्द्र पटेल भी विभाग के प्रभारी अधिकारी के मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं।



**क्या है नियम:** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालय में किसी एमबीबीएस योग्यता वाले को अकादमिक विभाग का प्रभारी नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए न्यूनतम योग्यता एमडी-एमएस की डिग्री होना अनिवार्य है। साथ ही शिक्षण अनुभव के तहत उन्हें प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर का रैंक होना जरूरी है।

इनका कहना

### वैकल्पिक इंतजाम

नए मेडिकल कालेज में विभागों को विकसित करने के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में अस्थायी रूप से इनकी नियुक्ति की गई है। इन विभागों में अभी फैकल्टी नहीं हैं, आने वाले दिनों में नियुक्ति होने के बाद इन्हें रिप्लेस कर दिया जाएगा। एचओडी की नियुक्ति के लिए मापदंड होते हैं जिन्हें नियुक्ति के दौरान पूरा किया जाएगा।

डा. राकेश नहरेल
डीन शासकीय मेडिकल कालेज जांजगीर-चांपा

### दो तरह का कैडर हो जाएगा

प्रस्तावित पांचों मेडिकल कॉलेज में राज्य के बाहर से प्रोफेसर और अन्य फैकल्टी लाकर उन्हें डेढ़ गुना ज्यादा वेतन पर स्वायत्त शासी समिति के माध्यम से स्थाई नियुक्ति देने का ऑफर दिया जा रहा है।

डा. राकेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ

*नई दिल्ली। उत्तर भारत में बारिश का दौर जारी है। जम्मू कश्मीर से लेकर गुजरात, असम,हिमाचल, उत्तरांचल, यूपी, बिहार जैसे कई राज्यों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जम्मू-कश्मीर में के पुंछ, राजौरी और डोडा जिलों में बाढ़ के चलते तीन दिनों में 23 लोगों की मौत हो गई है। अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी और माचिल देवी यात्रा 4 दिन से रुकी हुई है। रियासी जिले में बुधवार को भारी बारिश के बीच चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने पर सलाल बांध के गेट खोल दिए गए हैं।*

# देशभर में बारिश बाढ़ का कहर

## जम्मू-कश्मीर में 23 की मौतें वैष्णोदेवी-अमरनाथ यात्रा रुकी

## यूपी के गांवों में घुसे मगरमच्छ राजस्थान में अलर्ट

## गुजरात, असम हिमाचल उत्तरांचल में भी बुरा हाल



बडगाम, कश्मीर

**उत्तराखंड : केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन, आवागमन बंद**

रुद्रप्रयाग। भारी बारिश के दौरान बुधवार सुबह केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन होने से उस पर आवागमन बाधित हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, केदारनाथ पैदल मार्ग पर गौरीकुंड से लगभग एक किलोमीटर आगे, छोड़ी के समीप भूस्खलन हुआ जहां पत्थर एवं मलबा आने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया।

**हिमाचल प्रदेश : कांगड़ा में कई मकान क्षतिग्रस्त, तीन घायल**

शिमला/धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की बोह घाटी में रातभर हुई बारिश के कारण 12 और मकान क्षतिग्रस्त हो गए तथा तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही घाटी में क्षतिग्रस्त मकानों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश में छह मकान बह गए थे।



वलसाड, गुजरात

### सड़कों में दिखे मगरमच्छ

उत्तर प्रदेश में बारिश से नदियां उफान पर हैं। शारदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। किनारों पर बसे गांवों में पानी घुस गया है। सड़कों और खेतों में मगरमच्छ दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह, राजस्थान के 4 जिलों में ऑरेंज, बाकी सभी में यलो अलर्ट है।

### गुजरात में 155 सड़कें बंद

नवसारी। गुजरात के नवसारी जिले में मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। मौसम विभाग द्वारा सूरत और नवसारी के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किए जाने के बाद, बुधवार सुबह से ही जिले में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण जिले के 155 प्रमुख मार्गों को यातायात के लिए तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।

### असम : 31 की मौत

असम में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ की चपेट में आने से बुधवार को 21 और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। राज्य में बाढ़ से लगभग 5.65 लाख लोग प्रभावित हैं।



असम

## खबर संक्षेप

### कृषि कानून की वजह से पर्यावरण मंत्री का इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है।



उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये कीटनाशक मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। पर्यावरण मंत्री बनीं बारबू आज राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंपेंगी।

### प्रदर्शनों के बाद जेलेंस्की ने बदला सेना प्रमुख

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने देश के



सेना प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 43 साल के लोकप्रिय और युद्ध का अनुभव रखने वाले जनरल मिखाइलो ड्रापात्यी को नया कमांडर बनाया गया है। यह फैसला पूर्व रक्षा मंत्री मायखाइलो फेडोरोव को हटाए जाने के कुछ दिन बाद आया है।

### मैक्सिकन कैदी ने किया ट्रम्प पर केस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 27 साल के मैक्सिकन नागरिक ब्रैंडन ऑर्टिज-वाइट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ संघीय अदालत में केस किया है। उसने 75 मिलियन डॉलर (करीब 620 करोड़ रुपए) हर्जाने, सार्वजनिक माफी और अमेरिकी नागरिकता की मांग की है। ऑर्टिज-वाइट पर मिशिगन की महिला रूबी गार्सिया की हत्या का दोष है। वह 2024 में हत्या के मामले में दोषी पाए जाने के बाद 39 से 102 साल की सजा काट रहा है। उसका आरोप है कि ट्रम्प ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान उसके केस का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया।

**लगातार तीसरे दिन बाधित रही संसद की कार्यवाही**

**लोकसभा में हंगामा**

**कल्याण बनर्जी पूरे सत्र के लिए निलंबित**

# प्रधान के इस्तीफे पर अड़ा विपक्ष, इधर पेपर लीक पर चर्चा को केंद्र तैयार

संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को नीट परीक्षा विवाद, छात्र आंदोलन और अन्य मुद्दों को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्ष के लगातार विरोध और नारेबाजी के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ी और अंततः पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान सरकार ने दोहराया कि वह नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, जबकि विपक्ष ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अपना रुख कायम रखा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने नीट परीक्षा और छात्र आंदोलन का मुद्दा उठाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। प्रश्नकाल चलाने की कोशिश के बावजूद हंगामा नहीं थमा, जिसके चलते सदन पहले दोपहर 12 बजे और फिर दोपहर 2 बजे तक स्थगित करना पड़ा। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्ष का विरोध जारी रहा। इसी दौरान पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेनेटी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने महिला सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक और असंसदीय टिप्पणी की, जिसकी शिकायत पीठ को मिली है। उन्होंने इसे सदन की गरिमा के विरुद्ध बताया। इसके बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल्याण बनर्जी को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हंगामा जारी रहने पर लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**खास बातें**

- डीएमके ने भी कहा कि नीट पर होनी चाहिए सदन में चर्चा
- विपक्षी दलों के सांसद बुधवार को काले कपड़ों में पहुंचे संसद



### सरकार का दावा- चर्चा से नहीं भाग रहे

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चर्चा सदन के स्थापित नियमों के अनुसार होनी चाहिए और सरकार चाहती है कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर सभी दल रचनात्मक बहस करें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी कहा कि सरकार चर्चा को तैयार है और सभी दल मिलकर चर्चा का समय तय करें, लेकिन विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।

**राज्यसभा में भी इस्तीफे पर टकराव**

राज्यसभा में भी लगभग पूरे दिन यही स्थिति रही। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नियम 267 के तहत नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक निष्पक्ष चर्चा संभव नहीं है। खड़गे की इस मांग के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई और सदन में कई बार व्यवधान पैदा हुआ जिसके बाद उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी।

**मुख्य टकराव का मुद्दा**

*संसद में गतिरोध का मुख्य कारण यह रहा कि सरकार बिना किसी पूर्व शर्त के नीट पर चर्चा कराने की बात कर रही है, जबकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा से पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। इसी मुद्दे पर सहमति न बनने के कारण संसद का तीसरा दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया।*

**डीएमके विपक्ष के साथ नहीं**

*वहीं, हंगामे के बीच द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पार्टी विपक्ष के साथ खड़ी हुई नजर नहीं आई। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने भी कहा कि नीट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। हालांकि, हंगामे के कारण इस पर कोई सार्थक बहस नहीं हो सकी।*

## किसने क्या कहा

### बहस टालने की हो रही कोशिश : रिजिजू



राज्यसभा में किरण रिजिजू ने कांग्रेस पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शुरुआत में कांग्रेस चर्चा के लिए तैयार थी, लेकिन अब नई-नई शर्तें जोड़कर बहस टालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है, जबकि सरकार स्पष्ट रूप से चर्चा के लिए तैयार है।

### विपक्ष का रवैया गैर-जिम्मेदाराना : नड्डा



राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर काम कर रही है तथा जनता के हित में निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

### इस्तीफा बगैर चर्चा नहीं : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा– चर्चा तब तक संभव नहीं है जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं दे देते। प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। सोमवार को छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई 'बेहद पीड़ादायक है।

### यह मुद्दा छात्रों के भविष्य का : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में बयान देना चाहिए। अगर यहां हमारी बात सुन ली जाती, तो हमें प्रधानमंत्री आवास नहीं जाना पड़ता। हम मजबूरी वहां गए थे। यह मुद्दा कांग्रेस या समाजवादी पार्टी का नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य का है।

# 16 साल बाद होगी अब ललित की घर वापसी!

**आईपीएल फेमा मामले में राहत के बाद किया ऐलान**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने बुधवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम से



जुड़े 2009 के आईपीएल दक्षिण अफ्रीका मामले में अपीलीय न्यायाधिकरण से बड़ी कानूनी राहत मिलने के बाद वह इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में भारत आने की योजना बना रहे हैं। मोदी ने इस फैसले को 16 साल लंबी कानूनी लड़ाई में अपनी जीत बताया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में मोदी ने कहा कि न्यायाधिकरण के फैसले ने आखिरकार इस मामले में उनके रुख के पीछे की सच्चाई को सामने ला दिया है।

**यह है मामला**

यह मामला भारत में 2009 के लोकसभा चुनावों के साथ तारीखें टकराने के कारण आईपीएल सत्र को दक्षिण अफ्रीका स्थानांतरित किए जाने से जुड़ा था। ईडी ने आरोप लगाया था कि इस टूर्नामेंट से जुड़े विदेशी मुद्रा लेन-देन में फेमा के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ था।

# अमेरिका में जेनेरिक दवाओं पर लगाया गया टैरिफ

**भारत पर भी पड़ेगा इसका असर**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जेनेरिक दवाओं के आयात पर नई टैरिफ नीति की घोषणा की है। ट्रम्प ने कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आयात होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो वर्षों तक कोई टैरिफ नहीं लगेगा। इसके बाद 2028 से एक साल के लिए 100% और फिर 200% आयात शुल्क लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस नीति का मकसद दवा कंपनियों को अमेरिका में ही मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जो कंपनियां तय समय में अमेरिका में उत्पादन शुरू नहीं करेंगी, उन्हें ऊंचे टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह फैसला अमेरिकी नागरिकों के हितों की रक्षा और देश में दवा निर्माण बढ़ाने के लिए लिया गया है।

- 2 साल तक जीरो, 2028 से 100% और फिर 200% लगेगा



### भारत में बढ़ेगी दवाओं की लागत

भारत दुनिया में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है और अमेरिका उसका सबसे बड़ा बाजार है। ऐसे में दो साल की राहत के बाद 2028 से 100% और फिर 200% टैरिफ लागू होने पर भारतीय दवा कंपनियों की लागत बढ़ सकती है। इससे कंपनियों पर अमेरिका में उत्पादन इकाइयां स्थापित करने का दबाव भी बढ़ेगा और भारतीय जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रभावित हो सकती है।

**होर्मुज में संघर्ष से सीजफायर वार्ता ठप**

# अमेरिका ने ईरान पर 11वीं रात किए भीषण हवाई हमले



एजेंसी ▶▶| दुबई

अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के कई इलाकों पर लगातार 11वीं रात हवाई हमले किए, जिससे मिडिल ईस्ट में सीजफायर की कोशिशें पूरी तरह टूटी गई हैं। ये भीषण संघर्ष वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों को और तेज करने के संकेत देते हुए कहा है कि वाशिंगटन की फिलहाल ईरानी अधिकारियों से मिलने में कोई दिलचस्पी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर हमला करता है, तो अमेरिका हर बार उसके एक पुल या बिजली संयंत्र को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दी गई अपनी इस चेतावनी में ईरानी हमलों के जवाब में नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की अपनी पुरानी धमकियों को फिर से दोहराया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों पक्षों की ओर से हमले तेज हो गए हैं, जिससे युद्ध समाप्त करने का एक अंतरिम समझौता पूरी तरह से टूट गया है।

### ईरान के पुल, संयंत्र तबाह करेगा अमेरिका : ट्रंप

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'अब से, इस्लामी गणराज्य ईरान जब भी होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से निशाना साधेगा, अमेरिका उसके एक पुल या बिजली संयंत्र पर बमबारी करेगा और उसे नष्ट कर देगा।'

### ईरान ने भी दी युद्ध फैलाने की धमकी

ट्रंप की धमकी के बाद ईरान के खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका परमाणु या संवेदनशील ठिकानों पर हमला करता है तो इसे पूरे क्षेत्र में युद्ध का विस्तार माना जाएगा और अमेरिका व उसके सहयोगियों के सभी हितों को निशाना बनाया जाएगा।

**देश की समुद्री सुरक्षा में नई ताकत बनेगा यह स्वदेशी युद्धपोत**

# आईएनएस मालवन भारतीय नौसेना में किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नया आईएनएस मालवान अब देश की समुद्री सुरक्षा में नई ताकत बनेगा। बुधवार को कर्नाटक के करवार में भारतीय नौसेना के दूसरे स्वदेशी माहे क्लास एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्रॉफ्ट युद्धपोत आईएनएस मालवान को आधिकारिक रूप से सेवा में शामिल कर लिया गया। यह जहाज कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया है। कमीशनिंग समारोह की अध्यक्षता भारतीय वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। समारोह में वाइस एडमिरल संजय वात्सायन, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वेस्टर्न नेवल कमांड भी मौजूद थे।

**नौसेना के पुराने इनशोर माइंसवीपर से लिया गया है इसका नाम**



**'बाघ का नख' चिन्ह**

*आईएनएस मालवान का नाम भारतीय नौसेना के पुराने इनशोर माइंसवीपर से लिया गया है, जिसने 19 साल की सेवा के बाद 2003 में सेवानिवृत्ति ली थी। समारोह में आईएनएस मालवान का क्रेस्ट अनावरण किया गया, जिसमें बाघ का नख का चिन्ह प्रमुखता से शामिल है। यह चिन्ह बहादुरी, युद्ध कौशल, चपलता और साहस का प्रतीक है। जहाज का नारा साइलेंट क्लास है, जो चुपके से हमला करने और दुश्मन पर घातक प्रहार करने की क्षमता को दर्शाता है।*

### ताकत और विशेषताएं

आईएनएस मालवान माहे क्लास का दूसरा जहाज है। यह विशेष रूप से उथले पानी में एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के लिए डिजाइन किया गया है। यह दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने. उन्हें ट्रैक करने और जरूरत पड़ने पर नष्ट करने में सक्षम है। जहाज को बड़े युद्धपोतों, पनडुब्बियों और हवाई संपत्तियों के साथ मिलकर काम करने के लिए बनाया गया है। इससे भारतीय नौसेना की तटीय सुरक्षा और एंटी-सबमरीन क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी।

यह जहाज तेज गति से चल सकता है। चुपके से हमला करने की अपनी क्षमता के कारण दुश्मन के लिए बड़ा खतरा साबित होगा। आईएनएस मालवान में 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस प्रोजेक्ट से भारत के नौसेना डिजाइन, उपकरण निर्माण और सिस्टम इंटीग्रेशन के क्षेत्र में क्षमता बढ़ी है।

कोचीन शिपयार्ड द्वारा बनाए गए इस जहाज से न सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत हुई है बल्कि भारतीय उद्योगों को भी बड़ा बढ़ावा मिला है। यह दिखाता है कि भारत अब अपने स्वयं के डिजाइन और तकनीक पर भरोसा कर रहा है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



चित्रकोट जलप्रपात



मैनपुर

# बस्तर में बंबू राफ्टिंग, कयाकिंग, बोटिंग पर लगी रोक

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर में मॉनसून और भारी बारिश के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थलों पर जल क्रीड़ाओं और गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। धुड़मारास, तीरथगढ़, मांझीपाल, तिरिया, नेतानार जैसे क्षेत्रों में बंबू राफ्टिंग और कयाकिंग पर अस्थायी रोक लगाई गई है और चित्रकोट जलप्रपात में भी उफनती इंद्रावती नदी को देखते हुए नौका विहार (बोटिंग) बंद है। बारिश के मौसम में ▶▶|शेष पेज 7 पर

- अप्रिय घटना से बचने पर्यटकों को झरने के पास जाने से सख्त मनाही
- रोज 250 से अधिक पर्यटक तीरथगढ़, चित्रकोट जलप्रपात का कर रहे दीदार



चित्रकोट जलप्रपात

### जलप्रपात के नीचे जाने पर लगी रोक

बताया जा रहा है कि तीरथगढ़ जलप्रपात में ऊंचाई से पानी गिरता है। मुनगाबहार नाले में बारिश के चलते पानी के कारण नीचे तक जलप्रपात का दीदार कर रहे हैं, पर नीचे स्थित मंदिर तक जाने से मनाही की गई है। इसी तरह चित्रकोट में नीचे वोटिंग बंद कर दिया गया, जिससे पर्यटकों को नीचे जाने से रोक लगाया गया है।

### जलक्रीड़ाओं पर लगी रोक से पर्यटक निराश

बताया जा रहा है कि बंबू राफ्टिंग, कयाकिंग जैसी जलक्रीड़ाओं पर अस्थायी रोक से पर्यटक निराश होकर वापस जा रहे हैं। वहीं मांझीपाल में बंबू रार्फ्टिंग, कयाकिंग के लिए राजनांदगांव आदि क्षेत्र से पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि जलक्रीड़ा पर रोक होने से तीरथगढ़ जलप्रपात का दीदार कर घर लौट गए।

## उफान पर नदी, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में कयाकिंग और नाव बंद

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

अंचल की नदियों और बांधों में बारिश के चलते वाटर एडवेंचर की गतिविधियां बंद कर दी गई है।

- नौकाविहार करने भारी भीड़ देखने को मिलती है

वन विभाग द्वारा देवदहरा कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग की सुविधाएं बंद कर दी है।क्षेत्र मे लगातार बारिश से नदी उफान पर हैं और नदियों का रौद्र रूप नजर आ रहा है। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कायकिंग बंद है। वहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

# केलो डेम लबालब, खोले गए चार गेट शहर के निचले इलाकों में भरा पानी

देशभर में मानसून सक्रिय है। उत्तरभारत में भारी बारिश के कहर से लोग परेशान हैं। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि रायपुर और सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। रायगढ़ के निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया। केलो डेम के 4 गेट खोले गए हैं।



छाता लगाकर पढ़ाई

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड का ग्राम पयलीखण्ड के भूगर्भ में न जानें कितने अरबो-खरबों रुपए का हीरा दबा पड़ा है, लेकिन इस अमीर धरती के रहवासी कैसे जी रहे हैं, इसकी झलक यहां के प्राइमरी स्कूल से लगा सकते हैं। यहां प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल का संचालन दो कमरों मे किया जा रहा है और छत पूरी तरह जर्जर है। लगातार बारिश के कारण छत से पानी टपक रहा है, जिसके कारण बच्चों को छाता लगाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

बीते दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जिले नदी-नाले जहां उफान पर हैं। वहीं खेतों की प्यास भी बुझ गई है। हालांकि रोपा के लिए अभी भी काफी पानी की जरुरत है। किसान इसका इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश से केलो डेम भी लबालब भर चुका है। अभी क्षमता से केवल 1.75 एमएम ही कम है। इसके बाद भी भराव की आशंका से चार गेट खोल दिए गए हैं। इससे काफी मात्रा में पानी बाहर आ रहा है। जून में बारिश के लिए तरसे किसानों ▶▶|शेष पेज 7 पर

### दो दिनों की बारिश से बांध छलका नदी और नाले उफान पर





### भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर 12 घंटे के भीतर हुई 113 मिमी वर्षा

**अम्बिकापुर।** बीती रात हुई भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। भारी बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में पुल-पुलियों के ऊपर नदी-नालों का तेज रफ्तार पानी बहने के कारण सुबह घंटों आवागमन बाधित रहा। मौसम विज्ञानी आगे भी अच्छी वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं। मध्यप्रदेश की ओर अग्रसर चक्रवाती परिसंचरण के मंगलवार को उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित होने के कारण बीती रात मूसलाधार बारिश हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 12 घंटे के भीतर 13.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। बीती रात की वर्षा सीजन की पहली वर्षा है जिसमें 12 घंटे के भीतर इतनी वर्षा हुई है। पूरे सरगुजा ▶▶|शेष पेज 7 पर

राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में फैसला, कृष्ण मोहन बने रहेंगे महासचिव

# राम मंदिर में नियुक्त होंगे प्रवक्ता सीईओ की नियुक्ति अगले माह

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर में दान चोरी प्रकरण के बाद स्थिति में बदलाव होता दिख रहा है। ट्रस्ट की बैठक में महासचिव पद पर फैसला नहीं हुआ है। पूर्व महासचिव चंपत राय के इस्तीफे के बाद डॉ. कृष्ण मोहन को कार्यकारी महासचिव बनाया गया था। अभी वे इस पद पर बने रहेंगे। ट्रस्ट का एक प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा। वहीं, सीईओ का चयन एक महीने के बाद होगा। ट्रस्ट की ओर से एक धार्मिक समिति का गठन किया गया है।

अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को हुई अहम बैठक में मंदिर में पूजा-पाठ की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये गठित 'धार्मिक समिति' का पुनर्गठन करके उसमें अयोध्या के पांच संतों समेत कुल नौ सदस्यों को शामिल करने और ट्रस्ट का एक प्रवक्ता तथा सचिव नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।



### सीईओ पर बड़ी जानकारी

बैठक में सीईओ के चयन प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। ट्रस्ट की ओर से 18 जुलाई तक सीईओ पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। दावा किया जा रहा है कि इसके लिए 2500 से 5500 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें कथित तौर पर कई रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, सीनियर ब्यूरोक्रेट और प्रोफेशनल्स के आवेदन मिले हैं।

### दो सितंबर को अगली बैठक

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अगली बैठक 2 सितंबर को होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में नए महासचिव और सीईओ के नाम का ऐलान किया जा सकता है। राम मंदिर में दान चोरी विवाद, एसआईटी जांच और सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बीच बुधवार दोपहर 3 बजे से ट्रस्ट की बैठक शुरू हुई।

### पांच संत संभालेंगे पूजा-पाठ

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि ट्रस्ट ने मंदिर के सारे धार्मिक कार्यों का दायित्व अयोध्या के संतों को सौंपने का फैसला लेते हुए 'धार्मिक समिति' का पुनर्गठन किया है। उन्होंने बताया कि इस समिति में अयोध्या के पांच संत महंत कमल नयन दास, स्वामी रामानंद जी महाराज, राजकुमार दास जी महाराज, स्वामीन मिथिलेश नंदनी शरण जी महाराज और स्वामी दिनेंद्र राज महाराज शामिल हैं। गिरि ने बताया कि उनकी अध्यक्षता वाली इस समिति में उनके साथ-साथ तीन अन्य लोग भी इस समिति के सदस्य होंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एअर इंडिया की तेल अवीव से दिल्ली उड़ानें सस्पेंड

**यरुशलम।** एअर इंडिया ने 'तेल अवीव-दिल्ली' वायुमार्ग पर अपनी उड़ानों का निलंबन सितंबर के अंत तक के लिए बढ़ा दिया है। पश्चिम एशिया में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर निलंबन लगातार बढ़ाती आ रही है। अमेरिका और ईरान द्वारा सैन्य गतिविधियां तेज किए जाने के बाद पिछले 10 दिनों में उत्पन्न हुई नई सुरक्षा चिंताओं के बीच यह घोषणा की गई है।

### साड़ी नहीं लाने पर पति की हत्या कर दी

**मुंबई।** साड़ी नहीं लाने को लेकर हुए घरेलू विवाद के बाद प्रेशर कुकर के ढक्कन से अपने पति की कथित तौर पर पिटाई करने और गला दबाकर उसकी हत्या करने के आरोप में 30 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है। बिहार के रोहतास जिले की रहने वाली आरोपी सुनीता देवी हरेराम सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

### 40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**महराजगंज।** सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40.47 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। भारत से नेपाल जा रहे नेपाल के रूपेंदेही जिले के निवासी रणवीर गुरुंग (19) को नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

अनंतनाग में दहला लाल चौक

## आतंकी हमला, अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल शहीद

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग शहर में आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हवलदार आशिक हुसैन हमले में घायल हो गए और उन्हें अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने हुसैन को मृत घोषित कर दिया। हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। घटना के तुरंत बाद लश्कर-ए-ताइबा की प्रॉक्सी शाखा माने जाने वाले प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीआरएफ ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।



### राज्यपाल ने की निंदा

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं। इस जघन्य कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जम्मू-कश्मीर पुलिस और हमारे सुरक्षा बल मौके पर मौजूद हैं और दोषियों को सजा दिलाएंगे।

हत्या की दो वारदात

## दो भाइयों ने अपने भाइयों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में हत्या के दो सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटना में दो सगे भाइयों ने अपने ही भाई की कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया है। दोनों ही मामलों में हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पहली घटना बांगो थाना क्षेत्र ग्राम नान लेपरा की है। यहां निवासरत मथुरा धनवार 25 वर्ष पिता विदुर राम धनवार मंगलवार की रात अपनी पत्नी प्रमिला धनवार और बच्चों के साथ पड़ोस में ही रहने वाले अपने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कहासुनी पर भाई को कुल्हाड़ी से काटा डाला

हत्या की दूसरी वारदात श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम जिल्गा छुहीमाटी में हुई है। यहां निवासरत रामभरोस राठिया उम्र 47 वर्ष पिता मनलाल राठिया अपने छोटे भाई रामजीवन राठिया के पास बुधवार की सुबह 9.30 बजे गया हुआ था, जहां दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ने पर छोटे भाई ने घर में रखे कुल्हाड़ी से अपने बड़े भाई रामभरोस राठिया की हत्या कर दी।

*राज्यसभा में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिया ब्योरा*

## सीएपीएफ कर्मियों को 50% जीएसटी छूट, एमबीबीएस में 26 सीटें आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इन पहलों में आर्थिक सहायता, शिक्षा संबंधी सुविधाएं, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीएपीएफ कर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के सामान पर 50 प्रतिशत की जीएसटी छूट, कर्मी के परिजनों को 25 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है।

### अंशदायी कल्याण कोष

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के दिवंगत कर्मियों के निकटतम परिजनों (नेक्स्ट ऑफ किन) को अंशदायी कल्याण कोष से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।



### दुर्घटना मृत्यु बीमा कवरेज

सीएपीएफ वेतन पैकेज योजना के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु बीमा कवरेज दिया जाता है। इस योजना के तहत ड्यूटी के दौरान किसी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मी की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दुर्घटना मृत्यु बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जाता है।

### प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना

यह योजना केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) एवं असम राइफल्स के कर्मियों के बच्चों तथा वीर नारियों (विधवाओं) को उच्च तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 2,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं, जिनमें 1,000 लड़कों तथा 1,000 लड़कियों के लिए निर्धारित हैं। छात्रवृत्ति की राशि लड़कियों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह (36,000 रुपये वार्षिक) तथा लड़कों के लिए 2,500 रुपये प्रति माह (30,000 रुपये वार्षिक) है।




अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें: धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

**ऋणी कृषक:** ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-Out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
- बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।

**अऋणी कृषक:** अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।

स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें

FARMITRA

## चिंतन

# सरकार जल्द शुरू करे युवाओं के साथ संवाद

देश की सबसे बड़ी ताकत और उम्मीद उसकी युवा आबादी है, लेकिन जब यही युवा सड़कों पर उतरकर अपनी बात कहने को मजबूर हों, लंबे समय तक आंदोलन करें, अनशन का सहारा लें और उनकी मांगों पर लगातार टकराव का माहौल बने, तो यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह जाता। यह सरकार, राजनीतिक दलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार युवाओं के साथ संवाद की पहल बिना किसी देरी के शुरू करे और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें विश्वास में ले। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उठे सवाल लाखों छात्रों की चिंता से जुड़े हैं। इन मुद्दों का समाधान केवल पुलिस बल, राजनीतिक बयानबाजी या एक-दूसरे पर आरोप लगाने से नहीं निकल सकता। यदि युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो असंतोष और अविश्वास बढ़ना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को सुनना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का परिचायक है। वहीं, विपक्ष भी युवाओं के भविष्य पर राजनीति नहीं करे, बल्कि तथ्यों और समाधान पर बात करे और संसद में भी जनहित की आवाज उठाए। संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। सरकार भी परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए, ताकि देश का युवा आसानी से परीक्षा दे सके और किसी तरह की परेशानी न हो। सोनम वांगचुक का लंबा अनशन भी इसी चिंता का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया है कि युवाओं के मुद्दे संसद में उठाए जाएंगे। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संसद में गंभीर चर्चा, समयबद्ध निर्णय और ठोस सुधारात्मक कदम ही इस भरोसे को मजबूत कर सकते हैं। लोकतंत्र में संसद से बेहतर संवाद का कोई मंच नहीं हो सकता। डिजिटल युग में जानकारी तेजी से फैलती है और किसी भी घटना पर युवाओं की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आती है। ऐसे समय में संवाद से दूरी केवल गलतफहमियों को बढ़ाती है। यदि सरकार समय रहते छात्र संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ खुली बातचीत शुरू करती है, तो कई विवाद बिना टकराव के सुलझ सकते हैं। वहीं, आंदोलनकारी संगठनों और विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन वह पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में होना चाहिए। किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि ऐसा टकराव जिसमें आम जनता परेशान हो और मूल मुद्दा ही पीछे छूट जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि युवाओं के भविष्य पर राजनीति से अधिक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा आयोजित करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करने वाली प्रणाली बनाने की जरूरत है। यदि परीक्षा निष्पक्ष होगी, भर्ती समय पर होगी और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होगी, तो आंदोलनों की नौबत भी कम आएगी। लोकतंत्र की असली ताकत संवाद में होती है, दमन या टकराव में नहीं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द युवाओं से औपचारिक बातचीत शुरू करे, उनकी आशंकाओं को दूर करे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की स्पष्ट समयसीमा घोषित करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# दिशाहीन विरोध प्रदर्शनों की भयावहता

राजधानी दिल्ली में 20 जुलाई को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना।

राजधानी दिल्ली में 20 जुलाई को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। देखते-देखते लाखों फॉलोअर्स उसमें जुड़ गए। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना। अचानक वह दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा करते हैं और हवाई अड्डे पर उतरते हैं। हवाई अड्डे पर भी उनके स्वागत के लिए कोई भीड़ नहीं, न रास्ते में कहीं लोग। जंतर- मंतर पर पहले दिन का प्रदर्शन अत्यंत सामान्य रहा और उसमें शामिल होने वालों से ज्यादा दर्शकों की संख्या थी। सभी तरह के और सभी विचारधाराओं के लोग उसमें थे। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बनी कि सोनम वांगचुक लद्दाख से आकर आमरण अनशन पर बैठ गए। कुछ सेलिब्रिटी आने लगे। विपक्ष के कुछ नेता आने लगे और धीरे-धीरे हुए वे सारे चेहरे जो शाहीनबाग से लेकर किसानों के नाम पर हुए आंदोलन या फिर अन्य ऐसे विरोध प्रदर्शनों में लगातार दिखते हैं।

संसद के मानसून सत्र के आरंभ के दिन संसद मार्च का ऐलान हुआ और फिर जिस तरह की भीड़ चारों तरफ जुटी, वह देश के सामने है। इस मार्च में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोग कुछ भी कहें ,पर एक नेतृत्वविहीन दिशाहीन अभियान का डरावना दृश्य देश ने देखा। भारी संख्या में पुलिस वाले घायल हुए, पुलिस के वाहन तोड़े गए और पुलिस के बल प्रयोग से प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। इसमें दो राय नहीं कि नीट का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण युवाओं के परिवारों और देश में भी क्षोभ व असंतोष का वातावरण था। आरंभ में ऐसा लगा भी कि यह नीट के छात्रों के भविष्य की लड़ाई है। इसी बीच एक महिला ने अभिजीत दीपके पर काली स्याही फेंकी।

उसका कहना था कि मेरे बेटे ने 680 अंक नीट में प्राप्त किए और लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चला गया, लेकिन यहां नीट कोई मुद्दा ही नहीं है। उसका यह भी कहना था कि सोनम वांगचुक यहां आमरण अनशन पर हैं और कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति आंदोलन का उनका ध्यान रखने वाला नहीं है। अजीब दृश्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मरने का नारा और योगी आदित्यनाथ को छक्का कहा जा रहा है। पूरी स्थिति वही है जो हमने शाहीनबाग और फिर किसानों के नाम पर दिल्ली में हुए लंबे धरना प्रदर्शन में देखा था। इस बीच सरकार ने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली और उसके परिणाम भी आ गए। प्रश्न पत्र से लेकर पूरी परीक्षा और परिणाम तक जैसी सख्त व सुरक्षित व्यवस्था की गई, उससे साफ था कि सरकार के अंदर परीक्षा को स्वच्छ रूप से आयोजित करने का दृढ़ विचार है। साफ है कि दोबारा परीक्षा देने वाले जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ होगा और पहली बार उन्होंने अच्छा किया होगा, उनको छोड़कर बाकी शेष के अंदर मन में पीड़ा होगी



लेकिन असंतोष का भाव नहीं होगा। भविष्य में नीट ही नहीं, किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक नहीं हों, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाने और जो कुछ हमारे पास सुझाव हैं, उन्हें सामने रखना स्वाभाविक है। पर इस अभियान में नीट और प्रश्न पत्र लीक का विषय हाशिये पर चला गया। कुल मिलाकर इसे अगर आंदोलन बोला जाए तो न इसका कोई निश्चित उद्देश्य रहा, न कोई दुरगामी कार्यक्रम। संसद मार्च की घोषणा हो गई। ऐसी स्थिति बनी कि दिल्ली ट्रैफिक जाम में फंसी रही। मेट्रो के अनेक स्टेशनों के द्वार बंद रहे। सरकार और प्रशासन की सतह पर जो सोच और रणनीति दिखाई पड़ती है, वह यही कि प्रदर्शन करने वाले अगर कानून की परिधि में करते हैं तो उनके साथ बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। अभिजीत दीपके जिस दिन दिल्ली में उतरे, जंतर- मंतर पर धरने की पहले से अनुमति नहीं थी। धरना देने वाले पहले पुलिस से अनुमति लेते हैं और उसकी अवधि तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने हमें न्याय के लिए संघर्ष करने, अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है किंतु उसमें कानून के साथ विवेक और मर्यादा की सीमाएं भी हैं। यह सरकार प्रशासन और विरोध करने वालों सब पर लागू होता है। उद्देश्य कुछ और हो तो फिर ऐसे ही होता है। अगर सरकार ने आपको प्रदर्शन की स्वतंत्रता दी, बेवजह लोगों को आने से रोका नहीं गया तो उसके नेतृत्व करने वाले का दायित्व था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन की सीमाओं का पालन करते। पर पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि पूरे विश्व में एक अराजक उग्र नव वामपंथी धारा पैदा हुई है। नेपाल परिवर्तन से उसे जेन जी का नाम दिया गया। हमारे पड़ोस श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के परिवर्तन ने हमारे यहां भी और देश से बाहर रहने वाले अवांछित समूहों को प्रेरित किया है कि भारत में ऐसा कर नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध उथल-पुथल और अराजकता की स्थिति पैदा की जा सकती है। हमारे यहां राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसमें अवसर दिखता है। हर ऐसे विरोध प्रदर्शन आंदोलन में सच्चे परिवर्तन या मांग के समर्थन वाले लोग साफ हृदय से आते हैं।

शाहीनबाग धरने से हमने देखा है कि उसकी दिशा, भाषा और लक्ष्य ऐसे लोगों के हाथों आ जाता है, जिनका हमेशा उद्देश्य नकारात्मक होता है। याद कीजिए, सीएए के विरुद्ध कहा जा रहा था कि भारी संख्या में मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। क्या आज तक किसी एक की नागरिकता गई? इस कारण दिल्ली दंगों तक का शिकार हुई। किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो या कोई अन्य भ्रष्टाचार के विषय हो, पूरे समाज में क्षोभ पैदा होता है। हम सबको ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ अवांछित तत्व न उठा सकें। अगर इस तरह विरोध प्रदर्शन हुए तो भविष्य में सरकारों और प्रशासन के लिए इनको नियंत्रित और सीमित करने के रास्ते निर्धारित करने पड़ सकते हैं। इसमें हमारे आपके विरोध के अधिकार पर ही बंदिश लगेगी। पुलिस प्रशासन का भी दायित्व है कि उनके अधिकारों के पालन का ध्यान रखने के साथ ऐसे अवांछित तत्वों की पहले से पहचान कर कुछ पूर्वोपाय के कदम उठाए। अब सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संभव है कि आगे भी गिरफ्तारियां हों, मामले दर्ज हों। हालांकि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में पहले किसी के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई, न सजा हुई। कुल मिलाकर यह चिंता का विषय है कि सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी के विरुद्ध सामान्य कटाक्ष से बना एक साइट प्रश्न पत्र लीक से जुड़ते हुए यहां तक पहुंच गया। ऐसा क्यों हुआ, कैसे हुआ, अगर इन प्रश्नों पर हम विचार करें तो उत्तर आसानी से मिल जाएगा। इसी से यह भी उत्तर मिलेगा कि आगे यह स्थिति कैसे पैदा न हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# चंद्रशेखर 'आजाद', जिनकी पिस्तौलों का भी इतिहास है

सन् 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी का दिन था और ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर ने पंजाब के जलियांवाला बाग में कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरोध में हो रही शांतिपूर्ण सभा पर बिना कोई चेतावनी दिए बेहद क्रूरतापूर्वक अंधाधुंध पुलिस फायरिंग करा दी थी। इससे जो विचलित कर देने वाला नरसंहार हुआ, उसने देश में ऐसे विकट उद्वेलन पैदा किए कि जहां देशवासी डायर को 'द बूचर ऑफ अमृतसर' कहने लगे, वहीं नौजवानों का खून उबल पड़ा। वे अहिंसा का दामन छोड़कर हर हाल में प्रतिशोध, दूसरे शब्दों में कहें तो मरने-मारने वाले सशस्त्र संघर्ष के लिए मचलने लगे। अनंतर, उनके अरमानों व आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 8-9 सितंबर 1928 को दिल्ली के ऐतिहासिक फिरोजशाह कोटला मैदान में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन नामक क्रांतिकारी संगठन गठित किया गया, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना था। इसकी स्थापना के पीछे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और भगवती चरण वोहरा जैसे क्रांतिकारियों की सुविचारित



रणनीति थी और सच पूछिए तो यह अक्टूबर, 1924 में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, शचींद्रनाथ सान्याल और योगेश चंद्र चटर्जी द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का पुनर्गठित रूप था। इसकी आर्मी के कमांडर-इन-चीफ थे चंद्रशेखर आज़ाद, जिनकी आज 120वीं जयंती है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 1906 में आज के ही दिन यानी 23 जुलाई को जन्मे आज़ाद ने कमांडर-इन-चीफ के तौर पर प्रतिज्ञा कर रखी थी कि वे किसी भी हालत में कभी भी जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अंतिम सांस तक अपनी इस प्रतिज्ञा का मान रखा। उनके कमांडर-इन-चीफ रहते दिसम्बर, 1928 में सांडर्स वध, अप्रैल, 1929 में सेंट्रल असेंबली बम कांड और दिसम्बर, 1929 में वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर हमले जैसे क्रांतिकारी एक्शनों को अंजाम दिया गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इकलौते ऐसे नायक हैं, जिनके साथ उनकी पिस्तौलों ने भी इतिहास बनाया है। वे आमतौर पर अपने साथ एक माउजर पिस्तौल रखा करते थे, जिसे बेहद प्यार करते और 'बमतुलबुखारा' कहा करते थे। 27 फरवरी, 1931 को वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोरों की पुलिस से मुठभेड़ में शहीद हुए तो उनके पास माउजर नहीं, बल्कि कोल्ट नामक पिस्तौल थी। लाला लाजपत राय पर लाठियां बरसाने वाले अंग्रेज अधिकारी स्कॉट की हत्या के लिए 17 दिसम्बर, 1928 के जिस क्रांतिकारी एक्शन में उसकी जगह जॉन सांडर्स को मार डाला गया था, उसमें 'आजाद' अपनी माउजर ही साथ ले गये थे। उनके बाद उनकी उस माउजर का क्या हुआ? क्रांतिकारियों की स्मृतियों की रक्षा के उपक्रमों के प्रति समर्पित और उनके आन्दोलन के इतिहास के अप्रतिम अध्येता वरिष्ठ लेखक सुधीर विद्यार्थी बताते हैं कि अरसा पहले उन्होंने इलाहाबाद के कटरा मुहल्ले में 'आजाद' के आखिरी दिन तक उनके साथ रहे गढ़वाल के क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत की मदद से जहां-जहां भी उक्त माउजर का सुराग लगने की उम्मीद थी, वहां-वहां की खाक छानी। उसकी बाबत जानकारियां जुटाने में सफल नहीं हो सके। इसलिए 1977 में समाचारपत्रों में इस माउजर के इलाहाबाद के संग्रहालय से चोरी हो जाने की खबर छपी तो मुझे बड़ी हंसी आई। कारण यह कि जो माउजर उक्त संग्रहालय में थी ही नहीं, वह चोरी कैसे हो सकती थी?

वे बताते हैं कि शहादत के वक्त 'आजाद' के पास माउजर के बजाय 'कोल्ट' पिस्तौल थी, क्योंकि माउजर से छोटी होने के कारण वह उन्हें ज्यादा सुविधाजनक लगती थी। प्रसंगवश, इलाहाबाद के अंग्रेज एसएसपी नट बावर की सेवानिवृत्ति के वक्त गोरी सरकार द्वारा आजाद की यह कोल्ट उन्हें उपहार में दे दी गई और वे उसे अपने साथ इंग्लैंड ले गये थे। उनका दावा था कि अल्फ्रेड पार्क में आजाद को पहले उन्हीं की गोली लगी थी। सेवानिवृत्ति के बाद बावर उत्तर प्रदेश शासन के पेंशनर हुआ करते थे और शायद इसी अधिकार से बाद में 'आजाद' की 'कोल्ट' को देश वापस लाने की मांग उठने पर इलाहाबाद के कमिश्नर मुस्तफी ने बावर को उसे लौटाने के लिए पत्र लिखा था। यह कैसी विडम्बना है कि आजाद जैसे शहीद देश के लिए अपने अप्रतिम बलिदान के बावजूद भारतीयों में अपने प्रति वैसी कृतज्ञता या श्रद्धा नहीं उत्पन्न कर पाये, जैसी उन्होंने अपनी शहादत का वायस बने नट बावर जैसे अंग्रेज पुलिस अधिकारी से दो-दो हाथ करके उत्पन्न कर दी थी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है। उसे आत्म-प्रतिस्पर्धा कहा जाता है।

# गुरु ज्ञान से किसी की भी बदल सकता है सोच



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### निरर्थक प्रवृत्तियों का त्याग ही सार्थक जीवन का आधार


मनुष्य का जीवन उसके विचारों और प्रवृत्तियों से निर्मित होता है। प्रत्येक व्यक्ति दिनभर अनेक प्रकार के कार्य करता है, अनेक विषयों पर सोचता है और अनेक निर्णय लेता है। इन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य का निर्माण होता है। सामान्यतः मनुष्य की प्रवृत्तियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-सार्थक और निरर्थक। सार्थक प्रवृत्तियां वे हैं जो जीवन को दिशा देती हैं, विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और स्वयं तथा समाज के कल्याण में सहायक बनती हैं। इसके विपरीत निरर्थक प्रवृत्तियां व्यक्ति का समय, ऊर्जा, धन और मानसिक शक्ति नष्ट करती हैं तथा धीरे-धीरे उसके जीवन को तनाव, भ्रम और अशांति से भर देती हैं।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


# क्यूबा सरकार पर दबाव बढ़ाने अमेरिका ने भेजी खाद्य सामग्री

क्यूबा के लोगों को सीधे सहायता देने और वहां की सरकार पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों के तहत एक मालवाहक विमान खाद्य सामग्री और स्वच्छता किट लेकर मंगलवार को मियामी से क्यूबा के लिए रवाना हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, विमान में 700 पैकेट भेजे गए हैं। इन्हें क्यूबा सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि वहां के कैथोलिक संगठनों के जरिये सीधे लोगों में वितरित किया जाएगा। अमेरिका ने हाल में क्यूबा को कुल 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की पेशकश की थी, यह खेप उसी में से छह करोड़ डॉलर की पहली किस्त का हिस्सा है। यह सहायता ऐसे समय भेजी गई है, जब अमेरिका ने पिछले कई महीनों में क्यूबा सरकार और उससे जुड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ाया है। इसके तहत मुख्य रूप से देश के सैन्य और खुफिया तंत्र पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। ऊर्जा और तेल की नाकेबंदी के कारण क्यूबा की अर्थव्यवस्था और वहां के लोगों का दैनिक जीवन लगभग ठप हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक विस्तृत दस्तावेज जारी कर क्यूबा पर पिछले पांच दशकों से अमेरिका में बड़े पैमाने पर जासूसी और वामपंथी प्रभाव बढ़ाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया।



## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है- बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

## ट्रेंड

### समन्वय समितियां



मानसून के दौरान जल-जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमने दिल्ली के सभी 13 ज़िलों में ज़िला-स्तरीय समन्वय समितियां बनाई हैं। ये समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल करेंगी और जल-जमाव की स्थिति आदि में तुरंत कार्रवाई करने का काम भी देखेंगी।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद हालात का जायज़ा लेने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस घिनौने कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

-**मनोज सिन्हा,** उप-राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### राहुल गांधी का व्यवहार



राहुल गांधी का व्यवहार आज पूरी तरह से अशोभनीय और निंदनीय था। विपक्ष के नेता जैसे गरिमापूर्ण पद पर होने के बावजूद, राहुल गांधी इसे गंभीरता से नहीं लेते, यह बात आज उनके व्यवहार से साफ हो गई।

- **नितिन नवीन,** अध्यक्ष, बीजेपी

### अच्छी शिक्षा देना ज़रूरी



अगर हम अपने देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है। दिल्ली के बाद, अब पंजाब में भी हमने ग़रीबों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना शुरू कर दिया है।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

**मुंबई।** एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

लाइफ Style



# काजल


## रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'

हॉलीवुड मसाला



# दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।




# भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है।



# अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया,'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।



# द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है।

# अलिफ लैला का 'जिन्न' रेसलिंग करते हुए बना एक्टर

**नई दिल्ली।** साल 1993 में रामानंद सागर के एक और शो ने छोटे पर्दे पर खूब धूम मचाई थी। शो का नाम था 'अलिफ लैला'। इस शो में 'जिन्न' के किरदार को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। 'अरेबियन नाइट्स' की प्रसिद्ध कहानियों पर आधारित 'अलिफ लैला' में सीमा कंवल, शाहनवाज प्रधान, पिंकी पारिख, गिरजा शंकर और दामिनी कंवल शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे।



रामानंद सागर के निर्देशन में बने 'अलिफ लैला' के वैसे तो सभी किरदारों को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन जिसे सबसे ज्यादा याद रखा गया, वह था 'जिन्न'। इस आइकॉनिक किरदार को पहलवान से अभिनेता बने दयाल सिंह कश्यप ने निभाया था। दयाल सिंह कश्यप मूल रूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वे एक पेशेवर रेसलर थे।

टीवी मसाला



# सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

नई दिल्ली। स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं। आशय मिश्रा टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता हैं। वो कई टीवी सीरियल्स में लीड रोल निभा चुके हैं। उन्हें आखिरी बार कलर्स टीवी के शो 'दुर्गा-अटूट प्रेम कहानी' में डॉ. अनुराग सिंह राठौड़ के किरदार में देखा गया था।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292


विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



हेल्थ क्वेस्ट

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

## कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

## लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

## नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

## हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

# हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट








## टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'



## सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

सीजनल केयर

निकिता चौहान

# आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज


अंशु सिंह

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।



**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया स्वागत

# चार महासागरों की यात्रा कर लौटीं महिला सैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल 11 सितंबर 2025 को मुंबई से रवाना हुआ तीनों सशस्त्र सेनाओं के पहले त्रि-सेवा महिला विश्व परिक्रमा नौकायन दल की भारत वापस हो गई है। कुल 314 दिनों की इस यात्रा में इस दल ने चार महासागरों की लगभग 25 हजार 500 समुद्री मील से अधिक की रोचक और जटिल यात्रा सफलता के साथ पूरी की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महिलाओं के इस दल का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय ने इस अभियान को 'समुद्र प्रदक्षिणा' का नाम दिया था। जिसे भारतीय नौसेना के नौकायन पोत 'आईएएसवी त्रिवेणी' के जरिए पूरा किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

## एकता में निहित है शक्ति

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि समुद्र प्रदक्षिणा को एक समुद्री अभियान के तौर पर नहीं बल्कि एक ऐसे अभियान के रूप में याद किया जाएगा। जिसमें तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों ने एक ध्वज, संकल्प और एक उद्देश्य के साथ एकजुट होकर यह वैश्विक संदेश दिया कि भारत की शक्ति उसकी एकता में ही निहित है।

## प्रस्तुत किया नारी शक्ति का अद्भुत प्रमाण

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान की सफलता देश की नारी शक्ति का अद्भुत प्रमाण प्रस्तुत करती है। इसके अलावा यह राष्ट्र के दृढ़ संकल्प, सेना-वायुसेना और नौसेना के बीच समन्वय तथा संयुक्तता की प्रभावशीलता का प्रतीक भी है। जिसे हम चुनौतियों पर विजय हासिल कर इतिहास रचने वाले नए भारत के उत्सव के रूप में भी देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान अपनी सूक्ष्म योजना, 24 महीनों के गहन प्रशिक्षण, चौबीसों घंटे समर्पित सहायता नेटवर्क, विभिन्न संगठनों और एजेंसियों की अटूट प्रतिबद्धता के कारण संभव हो सका है।

मनीला में हुई विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किया गया संयुक्त बयान

# एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन को लेकर क्वाड ने जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से बढ़ती चीन की आक्रामकता के चिंताजनक माहौल में बुधवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में चतुष्कोणीय 'क्वाड' समूह देशों के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वांग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी शामिल हुए। बैठक के बाद क्वाड देशों द्वारा जारी किए गए संयुक्त बयान के मुताबिक, इस बैठक में चारों समूह देशों ने पूरी एकजुटता के साथ एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन को लेकर न केवल एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता जताई है। बल्कि साझा विश्वास के साथ यह भी कहा कि आईपीआर के समुद्री क्षेत्र में शांति, स्थिरता समूचे क्षेत्र की शांति और समृद्धि की आधारशिला है।

## क्वाड का सबसे बड़ा विरोधी चीन

गौरतलब है कि आसियान व क्वाड के लगभग सभी देशों के साथ चीन का आईपीआर में किसी न किसी मामले पर सीमाई या अन्य प्रकार का विवाद चल रहा है। जिसे लेकर क्वाड कई मौकों पर साफ शब्दों में ड्रैगन को संदेश देते हुए यह स्पष्ट कर चुका है कि क्षेत्र में किसी भी देश के खिलाफ सैन्य प्रयोग की धमकी देकर बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। विवाद कैसा भी क्यों न हो? उसका समाधान बातचीत-कूटनीति के जरिए ही निकाला जाना चाहिए।

## आसियान की केंद्रीयता को दी मान्यता

क्वाड ने आसियान को व्यापक रणनीतिक साझेदारी बताते हुए पूरी एकजुटता के साथ उसकी एकता और केंद्रीयता को अपनी मान्यता प्रदान करते हुए एक खुले हुए और स्वतंत्र आईपीआर के गठन को लेकर पुनः अपने समर्थन और प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत की तरफ से विदेश मंत्री ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम चारों विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत में बने हुए परिदृश्य की विस्तृत रूप से समीक्षा की और उसके साथ ही हालिया घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया गया है।

## समुद्री व्यापार के मामले में आवश्यक है अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन : जयशंकर

पश्चिम-एशिया में एक बार फिर से भड़के युद्ध की वजह से बढ़ते तनाव और हिंद-प्रशांत के इलाके में चीन की एकतरफा एकाधिकार स्थापित करने की कोशिशों के चिंताजनक हालात के बीच बुधवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आसियान-भारत के विदेश मंत्रियों की एक बड़ी बैठक हुई। जिसमें भारत का नेतृत्व तथा बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में पूरी दुनिया में लगातार बढ़ते तनाव की वजह से फैलती अशांति और अनिश्चितता का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि आज अकेले कोई एक देश या समूह वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकता है। ऐसे में हमारा ध्यान निकट भविष्य पर केंद्रित होना चाहिए।

## प्रभावित होती आपूर्ति श्रृंखलाएं

जयशंकर ने यह भी कहा कि वर्तमान दौर अस्थिरता और व्यवधान से भरा हुआ है। जिसकी वजह से सबसे ज्यादा दबाव आपूर्ति श्रृंखलाओं, ऊर्जा-खाद्य तथा स्वास्थ्य सुरक्षा पर पड़ता हुआ नजर आ रहा है। इसलिए इन मामलों को स्वाभाविक मानकर खारिज नहीं जा सकता है। आज के इस समय में जब हम समुद्री व्यापार पर निर्भर हैं। तब यह विषय चिंता का विषय बन सकता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना बेहद जरूरी हो जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकारें और हाईकोर्ट मिलकर बनाएंगे फॉर्मूला

# न्यायायिक अधिकारी अब 61 में होंगे रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 वर्ष करने पर विचार करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के उच्च न्यायालयों से परामर्श कर इस संबंध में निर्णय लें। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन भी शामिल थे, देशभर में जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि सभी राज्य सरकारें और केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने उच्च न्यायालयों से विचार-विमर्श कर यह तय करें कि न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 61 वर्ष की जाए या नहीं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई राज्य या केंद्रशासित प्रदेश इस प्रस्ताव से सहमत होता है, तो वहां के न्यायिक अधिकारी 1 अप्रैल, 2026 से 61 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रह सकेंगे।



## अंतिम फैसले के अधीन रहेगा आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह अंतरिम है और मामले के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अंतरिम व्यवस्था का यह अर्थ नहीं होगा कि उसने जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु पूरे देश में समान रूप से 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने के कानूनी प्रश्न पर अंतिम राय बना ली है। पीठ ने कहा कि अंतिम सुनवाई में इस संवैधानिक और कानूनी प्रश्न पर विस्तार से विचार किया जाएगा।

## न्यायिक रिक्तियों के संदर्भ में अहम फैसला

इस मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि देशभर की जिला अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों और अनुभवी न्यायिक अधिकारियों की आवश्यकता को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाई जानी चाहिए। उनका कहना था कि पूरे देश में एक समान नीति लागू होने से न्यायपालिका को अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं अधिक समय तक मिल सकेंगी और लंबित मामलों के निस्तारण में भी मदद मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश ऐसे समय आया है जब निचली अदालतों में न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों और मामलों के बढ़ते बोझ को लेकर लगातार चिंता व्यक्त की जा रही है। अब राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने-अपने उच्च न्यायालयों से परामर्श कर इस संबंध में निर्णय लेना होगा।


## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**प्रथम निविदा आमंत्रण - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**

**Website - www.cgmsc.gov.in**

**Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in**

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10987 | जिला कोरबा के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में AHU (HDU & ICU । WARD ) VRS सिस्टम कार्य । (प्रपत्र - अ) | 63.79 |
| 2 | 10988 | जिला कोरबा के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में Earthing, Panel and Transformer कार्य । (प्रपत्र - अ) | 44.22 |
| 3 | 10989 | जिला कोरबा के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में Glow Sign Board कार्य (प्रपत्र - ब) | 6.09 |
| 4 | 10990 | जिला रायगढ़ के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में AHU (HDU & ICU WARD) VRS सिस्टम कार्य । (प्रपत्र - अ) | 63.79 |
| 5 | 10991 | जिला रायगढ़ के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में Earthing, Panel and Transformer कार्य । (प्रपत्र - अ) | 44.22 |
| 6 | 10992 | जिला रायगढ़ के 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में Glow Sign Board कार्य। (प्रपत्र - ब ) | 6.09 |
| 7 | 10993 | जिला बस्तर (डिमरापाल) के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में AHU (HDU / ICU ) का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 66.46 |
| 8 | 10994 | जिला बस्तर (डिमरापाल) के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Earthing, Panel and Transformer का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 43.04 |
| 9 | 10995 | जिला अस्पताल कोण्डागांव के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में ।AHU (HDU / ICU ) का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 66.46 |
| 10 | 10996 | जिला अस्पताल कोण्डागांव के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Installation, Testing and Commissioning of 2 Nos. Lift का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 58.26 |
| 11 | 10997 | जिला अस्पताल कोण्डागांव के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Earthing, Panel and Transformer का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 43.04 |
| 12 | 10998 | जिला अस्पताल महासमुंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में AHU (HDU / ICU) का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 63.79 |
| 13 | 10999 | जिला अस्पताल महासमुंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Earthing, Panel and Transformer का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 43.04 |
| 14 | 11000 | जिला अस्पताल महासमुंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में LED Name Board का कार्य । (प्रपत्र - ब) | 6.09 |
| 15 | 11001 | जिला अस्पताल महासमुंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Fire Fighting System का कार्य । (प्रपत्र - ब ) | 62.99 |
| 16 | 11002 | जिला अस्पताल महासमुंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में 02 Nos. Lift का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 58.26 |
| 17 | 11003 | जिला बलौदाबाजार के सिविल अस्पताल भाटापारा के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में AHU (HDU/ICU) का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 63.79 |
| 18 | 11004 | जिला बलौदाबाजार के सिविल अस्पताल भाटापारा के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Earthing, Panel and Transformer का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 43.04 |
| 19 | 11005 | जिला बलौदाबाजार के सिविल अस्पताल भाटापारा के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में LED Name Board का कार्य । (प्रपत्र - ब) | 6.09 |
| 20 | 11006 | जिला बलौदाबाजार के सिविल अस्पताल भाटापारा के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Fire Fighting System का कार्य । (प्रपत्र - ब ) | 62.99 |
| 21 | 11007 | जिला बलौदाबाजार के सिविल अस्पताल भाटापारा के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में 02 Nos. Lift का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 58.26 |
| 22 | 11008 | जिला अस्पताल गरियाबंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में ।AHU (HDU/ICU) का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 63.79 |
| 23 | 11009 | जिला अस्पताल गरियाबंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में Earthing, Panel and Transformer का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 43.03 |
| 24 | 11010 | जिला अस्पताल गरियाबंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में ।LED Name Board का कार्य । (प्रपत्र - ब ) | 6.09 |
| 25 | 11011 | जिला अस्पताल गरियाबंद के 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) में 02 Nos. Lift का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 58.26 |
| 26 | 11012 | जिला सुकमा के ओल्ड हॉस्पिटल कोंटा में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (UHWC) का शेष निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 17.29 |
| 27 | 11013 | जिला सुकमा के दोरनापाल में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (UHWC) का शेष निर्माण कार्य (प्रपत्र - अ) | 16.68 |
| 28 | 11014 | जिला बीजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड का निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 34.64 |
| 29 | 11015 | जिला मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर के 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में पूर्ण इलेक्ट्रीफिकेशन का कार्य । (प्रपत्र - अ) | 27.39 |
| 30 | 11016 | जिला कांकेर, ब्लॉक भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में ब्लड बैंक का शेष निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 12.16 |
| 31 | 11017 | जिला कांकेर, ब्लॉक भानुप्रतापपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र बासंला में 06 बिस्तरीय अतिरिक्त कक्ष का शेष निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 2.09 |
| 32 | 11018 | जिला कांकेर, ब्लॉक भानुप्रतापपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र कोरर्र में 06 बिस्तरीय अतिरिक्त कक्ष का शेष निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 2.10 |
| 33 | 11019 | जिला बलरामपुर वि.ख. रामानुजगंज (रामचन्द्रपुर) के स्थान सनावल में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । (प्रपत्र - अ) | 233.86 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 28/07/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 19/08/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी ।

sd/
अधीक्षण अभियंता

S-48527/1


एनडीए के साथ गठबंधन की तेज हुई सुगबुगाहट

# बेटी सुप्रिया के साथ पीएम मोदी से मिले सीनियर पवार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार और उनकी बेटी व सांसद सुप्रिया सुले ने 22 जलाई को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस अप्रत्याशित मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में इन अटकलों को फिर से हवा दे दी है कि क्या शरद पवार का गुट एनडीए के करीब जा रहा है। संसद भवन में प्रधानमंत्री के कक्ष में हुई इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने शरद पवार का हाथ पकड़कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सामने आई तस्वीरों में दोनों नेता बेहद सहज नजर आए और उनके बीच लंबी बातचीत हुई।

## नेपाल में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में बुधवार तड़के 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह 4:40 बजे (स्थानीय समयानुसार) आए इस भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बाजहांग जिले के कोटदेवाल के आसपास था। यह स्थान काठमांडू से करीब 900 किलोमीटर दूर पश्चिम में स्थित है। यह भूकंप पड़ोसी बाजुरा और दार्चुला जिलों में भी महसूस किया गया। अभी तक इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला ने दिया चार बच्चियों को जन्म

**लुइसविले (अमेरिका)।** ऑस्ट्रेलिया की एक महिला ने एक जैसी चार बच्चियों को जन्म दिया है। चिकित्सकों ने इस गर्भावस्था को बेहद दुर्लभ बताया है। क्वींसलैंड प्रांत के 'रॉयल ब्रिसबेन एंड विमेन्स हॉस्पिटल' में जेनिटर साउ नाआमोआना ने पिछले सप्ताह बच्चियों को जन्म दिया। उनके पहले से चार बच्चे हैं। नाआमोआना की चिकित्सक डॉ. एलेक्सा बेंडाल ने अस्पताल द्वारा जारी एक साक्षात्कार में बताया कि बच्चियां प्राकृतिक रूप से गर्भ में आईं और एक ही निषेचित अंडे के चार हिस्सों में बंटने से उनका जन्म हुआ।

## वेनेजुएला : हंतावायरस से तीन की मौत

**काराकस।** वेनेजुएला ने मंगलवार को तीन लोगों की मौत हंतावायरस संक्रमण से होने की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी राज्य बारिनास में दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत के मामले में भी हंतावायरस संक्रमण का संदेह है। हंतावायरस इंसानों में चूहों से फैलने वाली इस बीमारी है। मंत्रालय ने कहा कि इन दोनों मामलों की जांच चल रही है और उनका संबंध पूर्वी राज्य एंजोआटेगुई में हुई तीन मौतों से नहीं है।


## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/GENS-2101/4355/2026/Exam/ DIS/614658/2026
नवा रायपुर, दिनांक 21/07/2026

**राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2026 की समय-सारणी**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2026/परीक्षा/ दिनांक 08.05.2026 के तहत राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2026 की लिखित परीक्षा दिनांक 16 अगस्त 2026 (रविवार) को जिला सरगुजा (अंबिकापुर ), बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं बस्तर (जगदलपुर) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है :-

| DATE | DAY | TIME | PAPER | SUBJECT |
|---|---|---|---|---|
| 16.08.2026 | SUNDAY | 09.00 AM TO 11.30 AM | PAPER - 1 | General Studies |
| | | 02.00 PM TO 04.30 PM | PAPER - 2 | Engineering (Civil, Mechanical. Electrical) |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किया जावेगा । अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

(परीक्षा नियंत्रक)
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

G-262702286/3



## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला - महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID :- tribalmahasamund@gmail.com, Phon / Fax No - 07723-223912

**मैनुअल पध्दति निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/874 / आदि. वि. / निर्माण / 2026-27 महासमुन्द, दिनांक 20/07/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से जिले में संचालित विभागीय छात्रावास / आश्रम भवनों का लघु निर्माण / अनुरक्षण / जीर्णोद्वार कार्यो के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा जारी भवन दर अनुसूची जो कि दिनांक 15.04.2026 से प्रभावशील है पर प्रपत्र - 'अ' में लोक निर्माण विभाग (भ/स) में पंजीकृत निविदाकारों से प्रचलित दर पर मोहरबंद निविदा दो लिफाफा पद्धति जिसमें एक अमानती राशि एवं दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, स्पीड पोस्ट के माध्यम से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुन्द के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। डाक में विलंब से प्राप्त निविदा मान्य नही की जावेगी जिसके लिये विभाग जिम्मेदार नही होगा:-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 10-08-2026 सांय 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय / निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि - 11-08-2026 सांय 3.00 बजे तक
3. निविदा जमा / प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 17-08-2026 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 19-08-2026 12.00 बजे दोपहर

**कार्य का संख्यात्मक विवरण :-**

| क्र. | विभागीय छात्रा. / आश्रम की संख्या | स्वीकृत राशि | विकास खण्ड | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 05 | 29.00 | महासमुन्द | भवन का सम्पूर्ण मरम्मत कार्य |
| 2 | 01 | 3.00 | बागबाहरा | भवन का सम्पूर्ण मरम्मत कार्य |
| 3 | 04 | 19.00 | बसना | भवन का सम्पूर्ण मरम्मत कार्य |
| 4 | 04 | 21.00 | सरायपाली | भवन का सम्पूर्ण मरम्मत कार्य |
| TOTAL | 14 | 72.00 | | |

**शर्तें :-** उपरोक्त सारणी में सरल क्रमांक 01 से 04 तक उल्लेखित विकास खण्डों में संचालित छात्रावास / आश्रमों में प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण करने की अवधि 03 माह एवं प्रति फार्म 750 /- रूपया निर्धारित की गई है।

**टीप :-** उपरोक्त कार्यो के लिये निविदा की नियम व शर्ते एवं अन्यविस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास (शाखा) प्रथम तल महासमुन्द से प्राप्त की जा सकती है ।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास महासमुन्द

G-262702276/1



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**( द्वितीय आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 195705/निविदा सूचना क्र.06/व.ले.लि./ 2026-27,
दिनांक 21.07.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **07.08.2026, 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :** धमतरी जिले के बांध सुरक्षा के अंतर्गत रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल बांध) में Epoxy grouting, Flexible shaft high pressure water jet से chocked VPD का सफाई कार्य ।

**अनुमानित लागत : रूपये 5061.31 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)।**

( छ.ग.ज.सं.वि. के एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025), म.प्र. लो.नि.वि. बिल्डिंग वाल्यूम I एवं II के दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित एस.ओ.आर., महाराष्ट्र लो.नि.वि. के दिनांक 25.07.2022 से प्रचलित एस. ओ. आर. आर. ए. के. लो. नि.वि. वाल्यूम I के वर्ष 2023 से प्रचलित एस. ओ. आर. एवं के.लो.नि.वि. डी. एस. आर. के वर्ष 2023 से प्रचलित एस. ओ. आर पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी ।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग, रूद्री, कोड नं. 38
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

G-262702272/4



## कार्यालय आयुक्त आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

Phone No. 0771-2263708, Fax No. - 2262558,
www.tribal.cg.gov.in, Email-prayas.ctd@gmail.com

क्रमांक/STU/177/2026-PRAYAS ST& SC HOD नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 21/07/2026

**// काउन्सलिंग की सूचना //**

**मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग आयोजित किये जाने के संबंध में ।**

छ.ग. राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/ पर काउन्सलिंग हेतु छात्र / छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गयी है :-

| क्र. | विवरण | काउन्सलिंग की तिथि | काउन्सलिंग का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग की तिथि | दिनांक 22.07.2026 से दिनांक 05.08.2026 तक | काउन्सलिंग सूची में दर्शित आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक |

छात्र/छात्राओं को उपरोक्त निर्धारित काउन्सलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेज लेकर काउन्सलिंग स्थल में उपस्थित होना होगा

1. कक्षा 08वीं में प्रथम श्रेणी ( 60%) उत्तीर्ण अंक सूची ।
2. प्रधानपाठक/ प्राचार्य द्वारा जारी (कक्षा 08वीं में अध्ययनरत होने का) सत्यापन प्रमाण पत्र ।
3. पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र ।
4. राशि रूपये 10/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग अन्तर्गत होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र।
5. जाति प्रमाण पत्र ।
6. विशेष पिछडी जनजाति प्रमाण पत्र ।
7. विशेष श्रेणी से चयनित विद्यार्थियों को काउन्सलिंग की तिथि को दिव्यांगता, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे होने, अनाथ बच्चे होने, विधवा माता के बच्चे होने, परित्यक्ता महिला के बच्चे होने, देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्तव्य निवर्हन करते समय पुलिस / अर्द्धसैनिक / सशस्त्र बल / शहीद सैनिक के बच्चे होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।
8. काउन्सलिंग पश्चात संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 03 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावे ।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

G-262702287/1

## खबर संक्षेप

### समानांतर अदालत चलाने वालों पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** अंतरजातीय विवाह करने पर महिला का सामाजिक बहिष्कार करने वाले और समानांतर अदालत चलाकर अर्थदंड लगाते हुए वसूली किए जाने की रिपोर्ट पर बसना थाने में समाज प्रमुखों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। बसना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आवेदिका अंकिता प्रधान (उम्र 25 वर्ष), पत्नी सुयश रावत एवं पुत्री रामदास प्रधान, वर्तमान निवासी बचेली एवं मूल निवासी ग्राम तोषगांव ने आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार प्रार्थिया ने अपनी मर्जी से अंतरजातीय विवाह किया है, जिसके चलते कोलता समाज (शाखा बसना) के पदाधिकारी एवं सदस्य आवेदिका के परिवार से दुर्भावना रखने लगे। इन आरोपियों ने अपनी एक समानांतर अदालत चलाकर एकमत होते हुए आवेदिका के परिवार का पूरी तरह से सामाजिक बहिष्कार कर दिया करवा दिया। 17 मई 2026 को ग्राम बरबसपुर में प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी आरोपियों द्वारा एक सामाजिक बैठक बुलाई गई थी।

### केन्द्रीय जेल से भागने वाला सीएएफ जवान गिरफ्तार

**जगदलपुर।** चार माह पूर्व सीएएफ का बर्खास्त जवान था ने सेंट्रल जेल की उंची दीवार फांद कर फरार हो गया था। बंदी को नारायणपुर से गिरफ्तार कर एक बार फिर जेल भेज दिया गया है। सीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि 5 वर्ष 3 माह की सजा भुगत रहे केन्द्रीय जेल जगदलपुर से फरार दंडित बंदी महेन्द्र दीवान 25 वर्ष निवासी चितालंका कलारपारा थाना दंतेवाड़ा इससे पूर्व दंतेवाड़ा व कांकेर जिला जेल से फरार हो चुका है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। दंडित बंदी 25 मार्च को वह केन्द्रीय जेल जगदलपुर से फरार हो गया था।

# परिवार के प्रमाणपत्र के आधार पर बच्चों को भी मिलेगा जाति प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के अनेक परिवारों के लिए राहत भरा एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी परिवार के सदस्य का वैध जाति प्रमाण पत्र पहले से जारी है, तो केवल वर्ष 1950 के दस्तावेजों के अभाव में परिवार के अन्य पात्र बच्चों को जाति प्रमाण पत्र से वंचित नहीं किया जा सकता।

यह महत्वपूर्ण आदेश जस्टिस एके प्रसाद द्वारा एक परिवार की ओर से प्रस्तुत याचिका की सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिकाकर्ता परिवार की ओर से अधिवक्ता डॉ. प्राची दीवान ने पक्ष रखते हुए न्यायालय के समक्ष यह तथ्य प्रस्तुत किया कि प्रदेश में अनेक परिवार ऐसे हैं जिनके पास पुराने राजस्व अथवा अन्य अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। विशेष रूप से भूमिहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वर्ष 1950 के दस्तावेज प्रस्तुत करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पाता, जिसके कारण उनके बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि कई मामलों में माता-पिता, भाई-बहन अथवा परिवार के अन्य सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र पहले से जारी होने के बावजूद नए आवेदकों से वर्ष 1950 के दस्तावेजों की मांग की जाती है, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रवेश एवं रोजगार संबंधी अवसर प्रभावित होते हैं। मामले की सुनवाई के उपरांत हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि यदि परिवार के किसी सदस्य का वैध जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध है। ग्राम सभा या ग्राम स्तरीय समिति यह प्रमाणित करती है कि संबंधित बच्चा उसी परिवार और उसी जाति से संबंधित है, तो उसके आवेदन पर विधि अनुसार त्वरित कार्यवाही की जाए और उसे अनावश्यक रूप से वर्ष 1950 के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बाध्य न किया जाए।

### समयबद्ध रूप से प्रकरण का निराकरण करते हुए जारी करें



कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जाति प्रमाण पत्र के लिए प्रस्तुत आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण की जाए तथा समयबद्ध रूप से प्रकरण का निराकरण करते हुए यथाशीघ्र जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदन प्राप्त होने के पश्चात आवश्यक दस्तावेजों की जांच समयबद्ध रूप से पूर्ण कर 60 दिनों के भीतर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए, ताकि पात्र बच्चों और परिवारों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### एनएच में दो वाहनों की टक्कर में आठ वनकर्मी घायल भी

# अलग-अलग सड़क हादसे में रेंजर, बच्ची सहित तीन की मौत

**तीन अलग- अलग हादसों में एक रेंजर, बच्ची और युवक की मौत हो गई। गरियाबंद जिले में एनएच 30 में बोलेरो- ट्रक की भिड़त में रेंजर की मौत हो गई। हादसे में चालक सहित आठ वनकर्मी घायल हो गए हैं। राजनांदगांव जिले में स्कूल बस ने बच्ची को रौंदा दिया, जिससे उसकी जान चली गई। इसके बाद स्कूल में जमकर हंगामा हुआ। कोंडागांव जिले में सड़क दुर्घटना में एक युवक ने दम तोड़ दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में मैनपुर-देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी में बुधवार शाम वन विभाग देवभोग की बोलेरो और एक तेज रफ्तार ट्रक की आमने–सामने भिड़ंत में वन परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग अश्वनी दास मुरचुलिया की मौत हो गई। वहीं वाहन चालक सहित कुल 8 लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। हादसा धुरवागुड़ी और बुड़गेलटप्पा के बीच हुआ है।

जानकारी के अनुसार आज गरियाबंद में बीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रेंजर सहित वन विभाग के कर्मचारी 9 लोग बोलेरो से माध्यम से देवभोग लौट रहे थे। इसी दौरान मैनपुर विकासखण्ड के बुड़गेलटप्पा और धुरवागुड़ी के बीच सामने से आ रहे एक ट्रक ने सीधे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि वन विभाग के बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों, प्रशासनिक अमला और सुरक्षा बल के जवानों ने राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तत्काल देवभोग अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रेंजर अश्वनी दास मुरचुलिया को सबसे अधिक चोटें आई, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अन्य 8 घायलों का उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा।



### तीन साल के मासूम को स्कूल बस ने रौंदा

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत घोटिया गांव में आज सुबह एक स्कूली बस ने 3 साल के मासूम को कुचल डाला। घटनास्थल में ही मासूम का पूरा का पूरा सिर कुचला जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मानपुर स्थित फ्लावर वैली स्कूल के खिलाफ हादसे के बाद 3 घंटे तक ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब 3 वर्षीय युवानसी पिता धलेंद्र नरेटी अपने भाई को फ्लॉवर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस तक छोड़ने परिजनों के साथ पीछे पीछे गई थी। इसी दौरान ड्राइवर ने बस को रिवर्स कर दिया। जिससे बस के पिछले चक्के में मासूम चपेट में आ गई।



### बाइक पेड़ से टकराई एक सवार ने तोड़ा दम

**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले के गिरोला-रांधना मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से माकड़ी जा रहे दो युवक में एक की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे केरावही-बालोंड़ मोड़ से लगभग एक किलोमीटर आगे जंगल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझीबोरण्ड निवासी राजकुमार मरकाम (25 वर्ष) पिता सुखदेव मरकाम और कड़ईबेड़ा निवासी अनिल नेताम (24 वर्ष) बाइक से माकड़ी हमाली कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार मरकाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनिल नेताम का उपचार जारी है।

### सीएचएमओ ने मांगी रिपोर्ट

# पांच स्वास्थ्यकर्मियों पर जुआ मामले में गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जुआ, लेखापाल समेत 12 गिरफ्तार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा परिसर में जुआ खेलते पकड़े गए पांच शासकीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के मामले में अब विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारामा एवं नरहरपुर के खंड चिकित्सा अधिकारियों बीएमओ से विस्तृत जांच प्रतिवेदन तलब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा के परिसर में कुछ कर्मचारी जुआ खेलते पाए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और जुआ खेल रहे 05 शासकीय और 07 अशासकीय जुआरियों के खिलाफ वैधानिक प्रकरण दर्ज किया। शासकीय कर्मचारियों में चार कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ हैं, जबकि एक कर्मचारी नरहरपुर विकासखंड के दबेना क्षेत्र में कार्यरत बताया गया है। पुलिस कार्रवाई के बाद सीएमएचओ ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम 1 के उपनियम 3 के कंडिका (1) (2) (3) का घोर उल्लंघन है। उक्त संबंध में जाँच करके अभिमत बीएमओ से माँगा गया है। बीएमओ से अभिमत मिलने के उपरांत कड़ी कार्रवाई होना तय है।

- विभागीय कार्रवाई की तैयारी बीएमओ से विस्तृत रिपोर्ट किया तलब

### 108 व 102 एक्सप्रेस के कर्मियों को जारी होगा नोटिस

बीएमओ डॉ. ओपी शंखवार ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 108 एवं 102 कर्मचारियों को ठहरने के लिए एक कमरा दिया गया और साथ में कूलर एवं अन्य सुविधाए दी गई थी। उस कमरे में जुआं खेलते हुए पकड़ा गया है, उन कर्मचारियों को नोटिय देकर यह जानकारी चाही गई है कि उस कमरे को जुआं खेलने के लिए किसके कहने पर परमीशन दी गई।

## यात्रियों-विद्यार्थियों के लिए रिस्टोर की गई मेमू ट्रेन

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों और विद्यार्थियों के लिए रद्द की गई लोकल और मेमू ट्रेन को वापस रिस्टोर करने का आदेश जारी किया है। बिलासपुर डिवीजन से मिली जानकारी के अनुसार एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर मंडल अंतर्गत भाटापारा से हथबंध स्टेशन के बीच तीसरी लाइन सेक्शन में आटो सिग्नलिंग की कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलाकिंग एनआई कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की वजह से 23 जुलाई गुरुवार को बिलासपुर से रायपुर और गेवरा के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों कों रद्द किया गया था। रद्द की जाने वाली ऐसी ट्रेनें थी, जिसमें छोटे स्टेशनों के यात्री और विद्यार्थी सफर करते हैं। ट्रेन के रद्द होने के कारण यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता था। रेलवे ने यात्रियों एवं विद्यार्थियों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए 23 जुलाई को निरस्त की गई ट्रेनों को वापस लाइन पर चलाने का आर्डर दिया है। इस आदेश के अनुसार 23 जुलाई गुरुवार को 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर, 68733 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर अपने नियमित समय के अनुसार चलाई जाएगी।



## शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर 2 करोड़ की ठगी

**जांजगीर-चांपा।** शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर एक दंपत्ति ने 2 करोड़ से अधिक की ठगी कर ली। मामले में चांपा पुलिस ने रायपुर से दंपति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार चांपा निवासी हेमदत्त केशरवानी ने 24 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी पहचान मारुति विहार कॉलोनी निवासी हरिशंकर गुप्ता से थी। हरिशंकर गुप्ता और उसकी पत्नी रेखा गुप्ता ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर रकम दोगुनी होने का भरोसा दिलाया। उनकी बातों में आकर हेमदत्त ने शेयर मार्केट में जमा करने के लिए उनके खाते में पैसे डलवाए। इसी तरह क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी लालच में आकर चेक एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 2 करोड़ 4 लाख 97 हजार 502 रुपए उनके खाते में जमा कर दिए। आरोपियों ने केवल 39 लाख 99 हजार 400 वापस किए, जबकि शेष रकम लौटाने से लगातार टालमटोल करते रहे और अंततः क्षेत्र से गायब हो गए।



### लैपटाप, टैबलेट, फोन जब्त

आरोपियों कब्जे से लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन एवं चेक बुक जब्त किया गया। पुलिस ने मारुति विहार कालोनी चांपा निवासी 43 वर्षीय हरिशंकर गुप्ता और उसकी पत्नी 42 वर्षीय श्रीमती रेखा गुप्ता को भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019. (आरो-891)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-802)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन –10 , टेलीकॉलर – 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-893)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**चपरासी**

आवश्यकता है- जेल रोड़ रायपुर में ऑफिस के सभी कार्यो के लिए ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। बिड़ी सिगरेट व शराब गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। संपर्क- 9300593000. (आरो-107)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11–12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। 7039749769. (आरो-047)

**सेल्समैन/हेल्पर**

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9977252503. (RO-7271)

**पैकिंग/ऑपरेटर कार्य**

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं कंप्यूटर अप्रेटर कार्य हेतु लड़को और लड़कियों की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (आरो-meet)

**टीचर**

Wanted- Kent International School Jheet, Patan Road Walk in interview Time: 10:00am-2:00PM.Require teachers for PGT (Economics, English, History, Political Science, Biology,) Accountant, Guard. Send your resume on 7880111062, 8085123639. (आरो-098)

**गोडाऊन कीपर**

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु अनुभवी गोडाउन कीपर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6260655803. (मिलने का समय - 10 से 6) (आरो-974)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- टाटा एस चलने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करे - जी एम एस कोरियर,पंडरी , पुराना बस स्टैंड , रायपुर । मोबाइल 9893101226. (आरो-A)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई कैलाशनगर लोकेशन हेतु, साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907, 9617391190, 9713399992. (आरो न.-319)

**घरेलु कार्य/कुक**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता हैं । समयः 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई वेतनः 12,000 प्रतिमाह, संपर्क करें: 9826708233. (आरो नं.-SPD/0064)

**गोदाम कार्य**

आवश्यकता है- दुकान और गोदाम में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है प्रिंस स्टेशनरी मार्ट गोल बाजार 8999993899, प्रिंस स्टेशनरी मार्ट अवंती विहार 7697781788, 9826178251. (आरो-804)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- एग्रीकल्चर फार्म में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी एवं फील्ड में काम करने के लड़के चाहिए पेमेंट 15000 -25000 और रहने की सुविधा दोपहिया वाहन दिया जाएगा , संपर्क रवि उभारानी-7389582131, 6264712566, राम कृषि फार्म तरकोरी राम कृषि फार्म सुरहोली मिलने का समय 12:00 बजे से 3:00 तक फोन करके ही इंटरव्यू देने आए (आरो न.-318)

क्लासीफाईड
नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

जमीन बेचना है- रायपुर (छत्तीसगढ़) के शंकर नगर, खम्हारडीह में स्थित आवासीय मकान सहित लगभग 30 डिसमिल (लगभग 13,025 वर्गफुट) की प्राइम संपत्ति बिक्री हेतु उपलब्ध। मूल्यः 15 करोड़ (बातचीत योग्य)। इच्छुक खरीदार सीधे संपर्क करें:- 7869021501, 9098528670, 9130091385. (आरो-984)

**For Rent किराया**

किराए पर देना है- प्राइम लोकेशन में कोचिंग हेतु ग्राउंड फ्लोर 600 वर्गफिट प्रथम तल 600 वर्गफिट कुल 1200 वर्गफिट जोनल मार्केट में दुकान किराए पर देनी है संपर्क 9893482503. (आरो न.-320)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूहलोन, पर्सनल, लेबरकार्ड, डेयरीफार्म, होमलोन, आधारकार्ड पर 40000 से 50 लाख तक (2 प्रतिशत ब्याज), (30 प्रतिशत छूट). संपर्क करें- 7489545029. (आरो-4401)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 7988465321, 7988465321. (आरो-048)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4157)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
•CMA Data •Balance Sheet •प्रोजेक्ट रिपोर्ट
•फूड लाइसेंस •Income Tax Audit •TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और

## जैकेट के शेष

### नक्सल खात्मे के ....

विजेता, 50 परगना मांझी, 15 चालकी, दो पद्मश्री सम्मानित व्यक्तित्व तथा 22 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और सहयोगी दल शामिल होगा। यह समूह 28 जुलाई को रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होगा। 30 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट और उनके साथ भोज होगा। इसके बाद 1 अगस्त को प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से लौटेगा और 2 अगस्त को रायपुर पहुंचेगा। **विकास, विश्वास और सम्मान की साझेदारी** : सरकार इस पहल को बस्तर में चल रहे विकास और विश्वास के अभियान का महत्वपूर्ण पड़ाव मान रही है। वर्षों तक संघर्ष और हिंसा की छाया में रहे इलाके के पारंपरिक आदिवासी नेतृत्व और प्रतिभाशाली युवाओं को देश के सर्वोच्च संवैधानिक संस्थान में सम्मान देना इस बात का संकेत है कि अब बस्तर की पहचान बंदूक नहीं, बल्कि संस्कृति, खेल, नेतृत्व और उपलब्धियों से बनेगी। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों ने पिछले वर्षों में हजारों युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ा है। अब उन्हीं प्रतिभाओं को राष्ट्रपति भवन तक पहुंचाकर यह संदेश दिया जा रहा है कि लोकतंत्र की सबसे ऊंची चौखट तक उनकी भी बराबर की भागीदारी और पहुंच है।

### क्या है बस्तर पंडुम....

वाला प्रतिनिधिमंडल भी इसी आयोजन के विजेता प्रतिभागियों और पारंपरिक आदिवासी प्रतिनिधियों से मिलकर बना है।

### दिल्ली भ्रमण करेगा ....

प्रतिभागियों को देश की राजधानी, लोकतांत्रिक संस्थाओं और राष्ट्रीय धरोहरों से भी परिचित कराना है। इससे विशेषकर युवाओं और बस्तर पंडुम के विजेताओं को व्यापक राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के अलावा प्रतिनिधि मंडल को राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने ....

नहीं देखना चाहते। वकील के छात्रों की पिटाई की बात दोबारा कहने और वीडियो का हवाला देने पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमारा समय बर्बाद मत कीजिए। हम कोई वीडियो नहीं देखना चाहते। यह याचिका सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संसद मार्च के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई से संबंधित है।

### अग्निवीरों को सिपाही ....

और रबी सीजन में किसानों को समय पर खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति के गठन को भी मंजूरी दी गई।

### डिप्टी सीएम सहित ....

आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सकेगी तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति से संबंधित विषयों पर राज्य शासन को सुझाव देगी।

### अग्निवीरों को आरक्षण....

तथा जेल विभाग में प्रहरी की सीधी भर्ती में अग्निवीर सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के अग्निवीर सैनिकों के लिए राज्य की सिविल सेवाओं में तृतीय श्रेणी के पदों में रिक्तियों का आरक्षण नियम-2026 बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

### कहीं एडमिशन के ....

में वर्ष 2023-24 में शुरू हुए माना और अम्लीडीह के शासकीय महाविद्यालय तथा वर्ष 2019 में स्थापित नया रायपुर सेक्टर-28 स्थित शासकीय महाविद्यालय सबसे अधिक प्रभावित है। माना कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी गणित और बीएससी कंप्यूटर साइंस संचालित हैं, लेकिन बीएससी गणित और कंप्यूटर साइंस में अब तक एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है। बीए और बीकॉम को मिलाकर महज 15 दाखिले हुए हैं। अम्लीडीह कॉलेज में बीए, बीबीए और बीसीए की 60-60 तथा बीकॉम की 90 सीटें हैं, लेकिन सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर अब तक केवल 40 प्रवेश हुए हैं। नया रायपुर महाविद्यालय की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। स्थापना के छह वर्ष बाद भी यहां बीए और बीकॉम में प्रवेश संख्या दहाई तक नहीं पहुंच सकी है। बड़े सरकारी कॉलेजों में जहां दो पालियों में कक्षाएं चल रही हैं, वहीं इन कॉलेजों में एक पाली के बाद ही परिसर सूना हो जाता है। वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से 159 महाविद्यालय संबद्ध हैं, जिनमें 68 शासकीय और तीन स्वायत्त महाविद्यालय शामिल हैं।

### अंबिकापुर में सात ....

में अभी तक नियमित व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं हुई है और हर वर्ष लगभग 15 अतिथि व्याख्याता नियुक्त किए जाते हैं।

### कोरबा में यही हाल ....

आदर्श कॉलेज में केवल 35 छात्र अध्ययनरत हैं, जबकि छह अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। स्वामी आत्मानंद कॉलेज में करीब 150 विद्यार्थी हैं। रामपुर, उमरेली और जटगा सहित अन्य कॉलेजों में भी छात्र संख्या उम्मीद से काफी कम है।

### स्टूडेंट और मरीज ....

दिया गया है। इनमें से कुछ की योग्यता एमबीबीएस की है और कुछ पीजी के बाद सीनियर रेसीडेंट के रूप में काम कर रहे थे। पुराने मेडिकल कालेजों में सेटअप के मुताबिक तमाम फैकल्टी की व्यवस्था सालो बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए इस साल अस्तित्व में आने वाले पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षक का इंतजाम टेढ़ी खीर बनता नजर आ रहा है। इन कालेजों में अगले माह से एडमिशन शुरू होगा मगर चिकित्सा छात्रों को पढ़ाने वाले डाक्टर योग्य नहीं होंगे। एनएमसी के मापदंड को पूरा करने के लिए कालेज प्रबंधन (प्रभारी डीन एवं चिकित्सा अधीक्षक) फैकल्टी के इंतजाम के लिए जोड़तोड़ में जुटे हुए हैं। जांजगीर-चांपा में संचालित होने वाले 17 विभागों में प्रभारी अधिकारी (एचओडी) की नियुक्ति इसी वजह से सुर्खियों में आ गई है। जारी आदेश में जिन डाक्टरों को जिम्मेदारी दी गई है उसमें से ज्यादातर एनएमसी के मापदंड को पूरा नहीं कर रहे हैं। कुछ डाक्टर एमबीबीएस की डिग्री के आधार पर इन सर्विस और कुछ एनएचएम में सेवा के बाद कालेज तक पहुंचे और उन्हें विभाग की जिम्मेदारी दे दी गई है। **एक और आदेश चर्चा में- बिना एलोपैथी डाक्टर के दंतेवाड़ा में स्वशासी समिति** : जांजगीर मेडिकल कालेज के साथ दंतेवाड़ा में खुलने वाले कालेज की स्वशासी समिति का मनोनयन भी चर्चा का बिंदु बन गया है। समिति में तीन जनप्रतिनिधि, दो फार्मासिस्ट और एक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी को शामिल किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि संचालित होने वाले नए मेडिकल कालेज के बारे में फैसला लेने वाली इस समिति में एक भी एलोपैथी डाक्टर को शामिल नहीं किया गया है। **असिस्टेंट बनेंगे एसोसिएट प्रोफेसर, डीपीसी हुई** : आने वाले दिन में शासकीय मेडिकल कालेजों में एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति होने की संभावना बढ़ गई है। परिवीक्षा अवधि पूरी करने वाले करीब साठ असिस्टेंट प्रोफेसर को पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा। मंगलवार को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में इन नामों पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021 बैच के चिकित्सा शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। पदोन्नति की प्रतीक्षा में वर्ष 2022 बैच के सहायक प्राध्यापक भी है। एसोसिएट प्रोफेसर बनने के बाद यह डाक्टर पांचों नए मेडिकल कालेज के साथ अन्य महाविद्यालयों की कमी दूर करेंगे ।

## मदर टेरेसा के स्मारक पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू



**स्कोप्ये (उत्तर मैसेडोनिया)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तर मैसेडोनिया की राजधानी स्कोप्ये में मदर टेरेसा के स्मारक का दौरा किया। मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910 को स्कोप्ये में हुआ था। वह 18 साल की उम्र तक यहीं रहीं। इसके बाद उन्होंने 'सिस्टर्स ऑफ लोरेटो' से जुड़ने के लिए आयरलैंड का रुख किया और फिर अंततः भारत आ गईं। उन्हें 1980 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया था। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर मैसेडोनिया की राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ स्कोप्ये में मदर टेरेसा के स्मारक का दौरा किया। मदर टेरेसा का जन्म स्कोप्ये में हुआ था और वह 1928 तक वहीं रहीं।'


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सूचना संख्या | अनुमानित निविदा मूल्य (₹) | बोली सुरक्षा (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "ADEN डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में 10 TKM का फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एंड रिहैबिलिटेशन (TFTR)" | N/09/NAG/2026-2027 | 17,20,23,440.06 | 34,40,500/- |
| 2. | (1) ADEN/CWA अधिकार क्षेत्र में आने वाले RUB 112, 110, 108, 106 और 103 में कवर शेड लगाने, संप और ड्रेन बनाना, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि द्वारा सुधार कार्य। (2) ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र में आने वाले RUB 222, 219, 171, 162 और 147 में कवर शेड लगाना, संप और ड्रेन बनाना, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि द्वारा सुधार कार्य, (3) ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र में आने वाले RUB 302, 299, 298 और 295 में कवर शेड लगाना, संप और ड्रेन बनाना, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि द्वारा सुधार कार्य। (4) ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ल्व 49, 47, 42 और 39 में कवर शेड लगाना, संप और ड्रेन बनाना, एपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि करके सुधार करना। | N/28/NAG/2026-2027 | 7,05,63,441.00 | 14,11,300/- |

बोलीदाता केवल **दिनांक 11.08.2026 को 15.00 बजे तक** अपनी मूल/संशोधित बोलियां प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के लिए मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा ऐसा कोई भी मैन्युअल ऑफर मिलने पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

PAM/23/49 — वरि. मंडल अभियंता (पूर्व)/द.पू.म. रेलवे/नागपुर

South East Central Railway — @secrail



**समक्ष न्यायालय श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर छत्तीसगढ़**

**आम सूचना**

मैं हेमंत शर्मा पिता श्री हरिकिशन शर्मा उम्र 42 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी सरायपाली वार्ड नंबर 13 सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्न अनुसार कथन करता हूं कि मेरे द्वारा आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है इसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत हैं कि-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरायपाली पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल एवं तहसील सरायपाली जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ में भूमि खसरा नंबर 742 रकबा 0.121 हे. कलीम बेग करीम बेग के नाम से भू-अभिलेख में दर्ज होकर उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य में स्थित है, जिसे मैं हेमंत शर्मा वल्द हरिकिशन शर्मा निवासी वार्ड नंबर 13 सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ क्रय करने को इच्छुक हूं और इस संबंध में विक्रय सौदा को अग्रेषित करने के लिए उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधी वैधानिकता की जांच/अन्वेषण कार्यवाही को अग्रेषित किया है। मेरे द्वारा की जा रही उपरोक्त विक्रय सौदा को लेकर किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह 15 दिनों के भीतर मेरे समक्ष आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा उसकी आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

एतद सूचना जानें।

**सत्यापन**

मैं हेमंत शर्मा पिता श्री हरिकिशन शर्मा निवासी वार्ड नंबर 15 तहसील सरायपाली जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ आज अपना हस्ताक्षर कर स्थापित करता हूं कि शपथ पत्र में लिखी गई कथन मेरे ज्ञान से सत्य और सही है।

दिनांक 22/07/2026 — सत्यापन कर्ता



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Tel.No. 07727-223138 E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक /349 / लो.नि.वि./ न.पा.प. / 2025 — बलौदाबाजार, दिनांक 20.07.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (1st Call)**

main portal – http://cgeprocurment.gov.in

Sub portal-http://uadd.cgeprocurement.gov.in

Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ. डी.आर. के माध्यम से ) | निविदा फार्म शुल्क (डी.डी.) | समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 195837 | वर्टिकल टरबाईन पंप 50 एच. पी. एवं मोनोब्लॉक पंप 50 एच. पी. क्रय एवं स्थापना कार्य | 28.22 | 21200.00 | 1500.00 | प्रपत्र- 'ब' | 10.08.2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार


### बस्तर में बंबू राफ्टिंग...

पानी का बहाव कई गुना बढ़ जाने के कारण इन गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगाई गई है। चित्रकोट में मॉनसून के दौरान इंद्रावती नदी विकराल रूप ले लेती है और पानी का बहाव बेहद खतरनाक हो जाता है, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पर्यटकों को झरने के पास जाने और बोटिंग करने से सख्त मनाही है। बोटिंग भले ही बंद हो, लेकिन बारिश के दिनों में जलप्रपात अपने पूरे शबाब पर होता है और इसका विहंगम दृश्य पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी तरह तीरथगढ़ जलप्रपात भी शबाब पर है, दोनों प्रपातों में रोज लगभग 200-250 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं।
**खेती में जुटे युवक** : कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत मांझीपाल बंबू राफ्टिंग, कयाकिंग ईको समिति के बालसिंह ने बताया कि बारिश में अप्रिय घटना से बचने के लिए बंबू राफ्टिंग कयाकिंग, बोटिंग पर रोक है। इससे समिति के युवक रोजी रोटी के लिए खेती में जुटे हुए हैं। हालांकि पर्यटक पहुंच रहे है, लेकिन बंद होने से वापस जा रहे हैं। **कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की गुफाएं बंद** : कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा, अन्य सभी

## पेज एक के शेष

गुफा स्थलों को पर्यटन गतिविधियों के लिए बंद रखा गया है। वर्षा ऋतु में गुफाओं के भीतर जलभराव, फिसलन एवं अन्य संभावित जोखिमों को देखते हुए बंद किया गया है।

### उफान पर नदी, उदंती सीतानदी...

सोंढुर जलाशय में भी बारिश के कारण नौकायन बंद है। मैनपुर से महज 25 कि.मी. दूर सोंढूर जलाशय में नौका विहार एवं मैनपुर से 18 किमी दूर देवदहरा कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग करने भारी हमेशा पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है क्योंकि पूरे गरियाबंद जिले में नौका विहार की सुविधा और कहीं नहीं है। **क्या कहते हैं उपनिदेशक** : उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि अभी बारिश को देखते हुए आगामी कुछ दिनों के लिए कायकिंग और नौकाविहार को बंद किया गया है।

### केलो डेम लबालब, खोले गए...

ने अब जाकर राहत की सांस ली है। इस साल बारिश ने किसानों का धोखा दे दिया है। जून में बारिश बिल्कुल नहीं हुई है। जैसे ही आषाढ़ लगा है वैसे ही दो दिन तक बारिश हुई। इसके बाद करीब 15 दिन फिर थम गई थी।

### भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर...

सोंढुर जलाशय में भी बारिश के कारण नौकायन बंद है। मैनपुर से महज 25 कि.मी. दूर सोंढूर जलाशय में नौका विहार एवं मैनपुर से 18 किमी दूर देवदहरा कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग करने भारी हमेशा पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है क्योंकि पूरे गरियाबंद जिले में नौका विहार की सुविधा और कहीं नहीं है। **क्या कहते हैं उपनिदेशक** : उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि अभी बारिश को देखते हुए आगामी कुछ दिनों के लिए कायकिंग और नौकाविहार को बंद किया गया है।

### दो भाइयों ने अपने भाइयों को...

सगे बड़े भाई कैलाश धनवार के घर रात का खाना खाने गया हुआ था। कैलाश के घर में मुर्गा-चावल बना था और परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। जल्दी-जल्दी खाना खाने की बात दोहरा रहा था। इस पर बड़े भाई कैलाश ने उसे टोकते हुए आराम से खाना खाने की सलाह दी।


**कार्यालय नगर पंचायत- कोपरा, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**

क्र./170/लो.नि.वि./ न.पं./2026-27 — कोपरा, दिनांक 21/07/2026

**/ / मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना / /**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत कोपरा अंतर्गत CGPWD में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत संस्था / फर्म / ठेकेदारो की श्रेणी "D" तथा "D" से उच्च विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मैनुअल निविदा फार्म "ए" में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

निविदा हेतु आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 13.08.2026 दोप. 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र खोले जाने का तिथि - 14.08.2026 दोप. 12:00 बजे से ।

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रु. में) | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 08 में ओवर हेड टैंक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 9.18 | 6900.00 | "A" | 750.00 | 04 माह |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी एवं निविदा फॉर्म नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, कोपरा


## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के अलावा क्षेत्रीय-वैश्विक चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

**मनीला में क्वाड से इतर जयशंकर की रुबियो वांग यी और लावरोव संग हुई बैठकें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

फिलीपींस की राजधानी मनीला में बुधवार को हुई आसियान और क्वाड समूह की बैठकों से इतर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ पृथक रूप से कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें की हैं। जिनमें मुख्य रूप से भारत के इन तीनों साझेदार देशों के साथ बने हुए आपसी संबंधों-साझेदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं और आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया है। एक्स पर की गई कुछ पोस्ट के जरिए डॉ.जयशंकर ने यह जानकारी दी है।

### पश्चिम-एशिया संकट पर रुबियो से चर्चा की

विदेश मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई बैठक भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से संबंधित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित रही। मनीला में अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई है। हमारी वार्ता में शामिल किए गए क्षेत्रों में व्यापार, शुल्क, ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, दुर्लभ खनिज और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे मामलों को शामिल किया गया। इसके अलावा हमने साझा हितों वाले क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय और बहुपक्षीय मामलों पर भी तेजी के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच हुई बातचीत में उठे वैश्विक मसलों में पश्चिम-एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर से शुरू हुए युद्ध की वजह से बढ़े तनाव, होर्मुज व अन्य जलमार्गों से प्रभावित होता समुद्री परिवहन और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दों को शामिल किया गया।


**कार्यालय जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**लीज विज्ञापन**

कार्यालय जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पत्र क्रमांक/2013/ज.पं./ मत्स्य / 2026 कोयलीबेड़ा दिनांक 15.07.2026 के तहत जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत निम्नांकित रिक्त जलाशयों का मत्स्यपालन हेतु मछुआ समूहों को लीज में देने हेतु ज्ञापन जारी किया गया है।

| क्र. | जलाशय का नाम | ग्राम का नाम | जल क्षेत्र (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाशय पीव्ही 52 | पीव्ही 52 | 31.09 |
| 2. | एम.आई.टी. पीव्ही 53 | पीव्ही 53 | 11.98 |
| 3. | जलाशय सिकसोड़ | सिकसोड़ | 37.00 |
| 4. | जलाशय चारगांव | चारगांव | 16.00 |
| 5. | जलाशय पीव्ही 42 | पीव्ही 42 | 21.97 |

अतः उपरोक्तानुसार इच्छुक समिति दिनांक 15.07.2026 से 29.07.2026 तक कार्यालयीन समय में शाम 5.00 बजे तक रजिस्ट्री डाक से या कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में आवेदन सीधा जमा कर सकते हैं। इसकी विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं अथवा NIC कांकेर की वेब साईड Kanker.govt.in से प्राप्त कर सकते है।

अतः नस्ती अवलोकन कर आदेश हेतु सादर प्रस्तुत है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./2102/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2026 — बीरगांव, दिनांक 20/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Procurement Tender Notice (1st Call )**

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 16 उरकुरा के वार्ड क्रं. 16 में सर्व सुविधायुक्त मल्टी स्पोर्टस कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य (निविदा राशि रू. 420.49) लाख के लिए System Tender No 195811 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026, Building S.O.R. in force from 10.06.2026, ELECTRICAL S.O.R 10.06.2026, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender 195811, Bid Start Date 20.07.2026, Bid Due date. 11.08.2026, Physical Submission Last Date 17.08.2026, Open Date 18.08.2026) तक ई - निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

"जय भारत जय छत्तीसगढ़"
"Say No To Plastic Bags, Save Earth"
"जल है तो कल है" "Use e-mail Save Tree"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**Home First Finance Company India Limited** — **कब्जा सूचना**

CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस**

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्ज़ा** कर लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में) | कब्ज़ा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परमानंद खटारकर, रक्षा | फ्लैट-रा.वि.प्र. इंद्रप्रस्थ योजना -1, फ्लैट नंबर 304, दूसरी मंज़िल, प.ह.नं. 104/57, फ्लैट नंबर बी-304, दूसरी मंज़िल, क्षेत्रफल 290 वर्ग फ़ीट, खसरा नंबर 125 का भाग, 128/1, 128/3, रायपुर विकास प्राधिकरण (आर.डी.ए.) की श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना में स्थित, मौजा रायपुर, माधव राव सप्रे वार्ड, वार्ड नंबर 68, प.ह.नं. नंबर 104/57, आर.आई.सी. 1, तहसील व ज़िला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर - सीढ़ियाँ, दक्षिण - फ्लैट नंबर 303, पूर्व - सड़क, पश्चिम - खुला प्लॉट। | 04-07-2025 | 4,96,360 | 20-07-2026 |


ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्ज़ा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: रायपुर, दिनांक: 23-07-2026 — अधिकृत अधिकारी: होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## राशिफल


**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।


**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

### बलूचिस्तान में 10 आतंकी ढेर

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों द्वारा संचालित किए गए तलाशी अभियान के दौरान 10 आतंकवादी मारे गए और दो महिला आत्मघाती हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के मीडिया प्रभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सोराब जिले में सात आतंकवादी मारे गए, जबकि तीन अन्य को मस्तंग जिले में ढेर कर दिया गया।

## शब्द पहेली - 6295



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 6294 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6305

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**खबर संक्षेप**




### अदाणी ग्रीन एनर्जी का लाभ 19 प्रति. बढ़कर 983 करोड़

**नई दिल्ली**। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.29 प्रतिशत बढ़कर 983 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने का नतीजा है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 824 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में एजीईएल की कुल आय बढ़कर 4,663 करोड़ रुपये हो गई।

### यूको बैंक का लाभ 8 प्रति. बढ़कर 656 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 656 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 607 करोड़ रुपये था। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून, 2026 तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,682 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 7,433 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में बैंक की ब्याज आय बढ़कर 6,996 करोड़ रुपये हो गई है।

### इटर्नल का लाभ चार गुना बढ़कर 92 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली**। जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग चार गुना होकर 92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 20,211 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 7,167 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 20,314 करोड़ रुपये रहा।

### बीपीसीएल को जून तिमाही में 3,942 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतें लागत से कम रखने की वजह से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 3,962.13 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बुधवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की सूचना दी।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी के लाभ में 36 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली**। जेएसडब्ल्यू एनर्जी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 533 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से उच्च वित्तीय लागत और मूल्य ह्रास से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 836 करोड़ रुपये था। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि मूल्य ह्रास आलोच्य तिमाही में बढ़कर 890 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 739 करोड़ रुपये था।

# अमेरिकी टैरिफ भारतीय जनेरिक दवा निर्यात पर डालेगा असर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित ऊंचे शुल्क भारत के सबसे बड़े औषधि निर्यात बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, इसका असर सभी उत्पादों पर एक समान नहीं पड़ेगा। आर्थिक शोध संस्था जीटीआरआई ने बुधवार को यह आकलन पेश किया। ये ऐसी सस्ती दवाएं होती हैं जिनमें ब्रांडेड दवाओं जैसा ही सक्रिय घटक, मात्रा और प्रभाव होता है लेकिन इन्हें पेटेंट समाप्त होने के बाद आमतौर पर कम कीमत पर बेचा जाता है।'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में सात से दस गुना सस्ती होती हैं।

### अतिरिक्त लागत का बोझ मरीजों पर डाला जा सकता है

ऐसे में 100 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद भी कई उत्पाद सस्ते बने रह सकते हैं। अतिरिक्त लागत का बोझ अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, बीमा कंपनियों और मरीजों पर डाला जा सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''अधिक दबाव उच्च मूल्य वाली जेनेरिक फॉर्मूलेशन और ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं पर पड़ सकता है। इन श्रेणियों में अमेरिका के भीतर उत्पादन व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ष हो सकता है।''

**आर्थिक शोध संस्था जीटीआरआई ने पेश किया आकलन**

### भारत को अमेरिका पर निर्भरता घटाना होगा

श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि भारत को अमेरिका पर अपनी निर्भरता घटाकर यूरोप, लातिनी अमेरिका, अफ्रीका और एशिया में निर्यात बढ़ाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि एक अगस्त से दो वर्षों तक जेनेरिक दवाओं पर शून्य शुल्क रहेगा। इसके बाद एक वर्ष के लिए शुल्क 100 प्रतिशत और फिर 200 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।



### अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा औषधि निर्यात बाजार

इस तरह अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा औषधि निर्यात बाजार है। भारतीय कंपनियां अमेरिका में वितरित जेनेरिक नुस्खों के करीब 47 प्रतिशत की आपूर्ति करती हैं जबकि मूल्य के हिसाब से हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।

**भारत के निर्यात का 37.7 फीसदी हिस्सा अमेरिका को गया**

अमेरिका ने 2025 में 213 अरब डॉलर के औषधि उत्पाद आयात किए, जिनमें 94.1 अरब डॉलर की तैयार दवाएं शामिल थीं। जेनेरिक दवाओं का अलग से सटीक आकलन उपलब्ध नहीं है क्योंकि उन्हें एचएस कोड 3004 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। भारत ने पिछले साल 25.8 अरब डॉलर के औषधि निर्यात किए, जिनमें से 9.7 अरब डॉलर यानी 37.7 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया।

### भारत की कई विनिर्माण इकाइयां अमेरिका में

भारतीय दवा कंपनियों सन फार्मा, जायडस लाइफसाइंसेज, ल्यूपिन, अरबिंदो फार्मा, सिप्ला और डॉ रेड्डीज की अमेरिका में विनिर्माण इकाइयां हैं। अमेरिका के अलावा भारत के प्रमुख औषधि निर्यात बाजारों में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, ब्राजील, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस, फिलीपींस और केन्या शामिल हैं।

## केंद्रीय बैंक ने कहा, बाहरी अनिश्चितताओं का बखूबी सामना

# विदेशी निवेश की वापसी अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ने के संकेत: आरबीआई

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय अर्थव्यवस्था ने बाहरी अनिश्चितताओं का बखूबी सामना किया है और हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भरोसा लौटने का संकेत मिलता है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। केंद्रीय बैंक के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि दुनिया में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी अनिश्चितता बनी हुई है।

**हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार आया है**

लेख के अनुसार, ''इन अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और जून तक आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनाए रखने में कामयाब रहा है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के संकेतक मजबूत बने रहे।''

**भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में एक**

### खाद्यान्न भंडार संतोषजनक स्तर पर

खाद्यान्न भंडार संतोषजनक होने से खाद्य महंगाई पर इसका प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित रह सकता है। इसमें कहा गया कि 2026-27 की पहली तिमाही में निर्यात और आयात में हुई अच्छी वृद्धि से पता चलता है कि विदेश व्यापार की रफ्तार बनी रही। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के लागू होने तथा अन्य द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में हो रही प्रगति से देश की आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।




### वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ने के संकेत

लेख में लिखा गया, ''भारत के बाह्य क्षेत्र से जुड़े जोखिम संकेतक मजबूत बने हुए हैं। हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ने के संकेत मिलते हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बीते महीने शुद्ध रूप से निवेश किया। इसका कारण बॉन्ड बाजार के लिए नीतिगत समर्थन और वैश्विक स्तर पर तनाव में कमी है।

### एफपीआई ने 20 जुलाई तक 3.1 अरब डॉलर का किया निवेश

एफपीआई ने इक्विटी और बॉन्ड बाजार में जुलाई में (20 जुलाई तक) कुल 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-मई 2026 के दौरान सकल और शुद्ध, दोनों आधार पर बढ़ा। इस दौरान जापान, सिंगापुर और मॉरीशस से कुल इक्विटी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत प्राप्त हुआ। वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण, खुदरा एवं थोक व्यापार तथा कंप्यूटर सेवाएं सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने वाले क्षेत्र रहे।

### पहली बार महंगाई आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर

लेख के अनुसार, भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका, केमैन आइलैंड और नीदरलैंड में गया। इसमें वित्तीय, बीमा एवं व्यावसायिक सेवाओं तथा विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक रही। कीमत स्थिति के बारे में इसमें कहा गया है कि जून, 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई बढ़कर 18 महीने के उच्च स्तर 4.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 3.9 प्रतिशत थी। जनवरी, 2025 के बाद यह पहली बार आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर पहुंची है।

## 69वें स्थापना वर्ष पर एटी ज्वेलर्स का 'रथयात्रा महोत्सव ऑफर'

**सोने की खरीद पर मिलेगी सीधी बचत**



**रायपुर**। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान अनोपचंद तिलोकचंद (एटी) ज्वेलर्स ने अपने 69वें स्थापना वर्ष के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष 'जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव' ऑफर पेश किया है। यह ऑफर 26 जुलाई तक कोतवाली चौक, सदर बाजार और पंडरी स्थित एटी ज्वेलर्स के सभी शोरूम में उपलब्ध रहेगा।

एटी ग्रुप के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया, शांतिलाल बरड़िया एवं आशिक बरड़िया ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा आस्था, विश्वास और सेवा का प्रतीक है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए ग्राहकों के लिए आकर्षक बचत योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1957 से ग्राहकों का विश्वास ही संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी रहा है और इसी भरोसे के साथ एटी ज्वेलर्स अपने 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

### 10 ग्राम पर 7000 रुपए की सीधी बचत

ऑफर के तहत प्रति 10 ग्राम सोने के आभूषणों की खरीद पर 7,000 रुपये तक की सीधी बचत मिलेगी। वहीं, पुराने सोने के एक्सचेंज पर प्रति 10 ग्राम 1,957 रुपये का अतिरिक्त मूल्य दिया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध, प्रमाणित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के आभूषण उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है। संस्थान ने ग्राहकों से इस सीमित अवधि के ऑफर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कच्चे तेल के दाम में तेजी से सेंसेक्स 715 अंक लुढ़का, निफ्टी भी टूटा

**दोनों मानक सूचकांक में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट**

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 191 अंक की गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक टूटकर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.92 अंक लुढ़क कर 76,641.19 अंक पर आ गया था। इसी तरह निफ्टी 191.45 टूटकर 23,996.25 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट



सूचकांक 1.33 प्रतिशत लुढ़का जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत नीचे आया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और हूती समूह के दुनिया के महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को बाधित करने से तेल की आपूर्ति प्रभावित होने को लेकर चिंता बढ़ गई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं और रुपया कमजोर हुआ है।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 96.59 प्रति डॉलर पर

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दबाव में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 96.59 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की भावना को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.36 प्रति डॉलर पर खुला।

### इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट आई। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टाइटन बढ़त बनाने वाली कंपनियों में शामिल रहे। वैश्विक तेल मानक, ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.68 प्रतिशत चढ़कर 95.27 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

### पूरे सत्र में बिकवाली का दबाव रहा

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने के कारण निवेशकों के जोखिम लेने से बचने की धारणा से घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक पर पूरे सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा।

### नेस्ले का लाभ 48 फीसदी बढ़कर 958 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली**। दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 48.26 प्रतिशत बढ़कर 958.68 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 646.59 करोड़ था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 25.4 प्रतिशत बढ़कर 6,363.27 करोड़ रुपये हो गया।

## श्रीलंका ने मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद ब्याज दर रखी यथावत

**कोलंबो**। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक अनिश्चितता और जिंस कीमतों पर उसके असर का हवाला देते हुए मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत पर पहुंचने के बावजूद यह फैसला किया गया।

केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण वैश्विक जिंस कीमतों, विशेषकर पेट्रोलियम की कीमतों में वृद्धि हुई है। बैंक ने

**नीतिगत ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा**

कहा, ''इन घटनाक्रमों से वैश्विक आर्थिक संभावनाएं प्रभावित होने की आशंका है और इसके विभिन्न माध्यमों से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है।'' बयान के अनुसार, जून में मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई। घरेलू स्तर पर ऊर्जा एवं खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण निकट भविष्य में इसके पांच प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बने रहने की संभावना है।

बैंक ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में भी वृद्धि होने तथा इसके समग्र मुद्रास्फीति लक्ष्य के आसपास बने रहने का अनुमान है। बयान में कहा गया, ''अप्रैल, 2026 से चालू खाते में घाटा दर्ज किया गया है।

## पाक ने अमेरिका से 10 अरब डॉलर की सहायता मांगी

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से 10 अरब डॉलर की मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा (एक्सचेंज स्टेबिलाइजेशन सपोर्ट फैसिलिटी) को अक्सर अमेरिकी वित्त मंत्रालय के वित्तीय सहायता तंत्र 'एक्सचेंज स्टेबिलाइजेशन फंड' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसमें मुद्रा अदला-बदली, वित्तीय गारंटी और ऋण जैसी व्यवस्थाएं शामिल होती हैं। समाचार पत्र 'डॉन' ने बुधवार को खबर दी कि उसे इस अनुरोध की पुष्टि वॉशिंगटन स्थित पाकिस्तान के दूतावास से हुई है। हालांकि, दूतावास ने इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की।

- पाक ने मुद्रा विनिमय स्थिरता सुविधा उपलब्ध कराने का किया अनुरोध

**रुपए की कीमत घटने से आयात खर्च बढ़ना संभव**

# भारत का खाद्य तेल आयात बिल नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उद्योग निकाय एसईए का कहना है कि आयात की ज्यादा मात्रा और रुपये की कीमत घटने की वजह से अक्टूबर में खत्म होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष के दौरान भारत का खाद्य तेल आयात का खर्च नौ प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने सदस्यों को लिखे एक पत्र में बढ़ते आयात खर्च पर चिंता जताई और कहा कि तिलहन क्रांति का और इंतजार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ''भारत अपने खाद्य तेल के सफर में एक अहम मोड़ पर खड़ा है, और चेतावनी के संकेतों को नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है।

देश का खाद्य तेल आयात खर्च, जो पिछले साल 1.61 लाख करोड़ रुपये था, उसके इस साल 1.75 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर को पार करने का अनुमान है।'' इस महीने की शुरुआत में एसईए ने बताया था कि नवंबर, 2025-जून, 2026 की अवधि के दौरान भारत का खाद्य तेल का आयात सात प्रतिशत बढ़कर 103.88 लाख टन हो गया, जबकि पिछले तेल वर्ष की इसी अवधि में यह 97.29 लाख टन था। खाद्य तेल का विपणन वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। अस्थाना ने कहा कि मौजूदा तेल वर्ष के पहले आठ महीनों में आयात खर्च 1.19 लाख करोड़ रुपये रहा।



### मानसून की दगाबाजी से घरेलू उत्पादन को लेकर चिंता

अस्थाना ने बताया कि रुपये की कीमत घटने से आयात महंगा हो गया है।उन्होंने आगे कहा, ''साथ ही, मौसम की अनिश्चितताएं, जिनमें सामान्य से कम मानसून का अनुमान और कई तिलहन उगाने वाले इलाकों में बुवाई में देरी शामिल है, घरेलू उत्पादन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं।''

### पाम तेल का बड़ा हिस्सा इंडोनेशिया ईंधन की ओर मोड़ रहा

एसईए अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक घटनाक्रम भी और दबाव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इंडोनेशिया का बढ़ता बायोडीजल कार्यक्रम खाद्य तेल (पाम ऑयल) का एक बड़ा हिस्सा ईंधन की ओर मोड़ रहा है, जिससे वैश्विक आपूर्ति कम हो रही है। साथ ही, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और माल ढुलाई व बीमा की बढ़ती लागत के कारण खाद्य तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं।

**कंपनी के चेयरमैन वेणु ने आम सालाना बैठक को किया संबोधित**

# टीवीएस मोटर वित्तीय सेवा कारोबार करेगा अलग?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने बुधवार को कहा कि कंपनी शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए अपने वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार करेगी।

कंपनी की सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए वेणु ने कहा कि समूह ने कई साल से अपने वित्तीय सेवा कारोबार...टीवीएस क्रेडिट... को बनाने और उसे आगे बढ़ाने में लगातार निवेश किया है। यह कारोबार अब बड़े टीवीएस परिवेश का एक अहम हिस्सा बन गया है।

**वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार**

### एए प्लस रेटिंग प्राप्त

चेयरमैन ने कहा, ''तीनों प्रमुख रेटिंग एजेंसियों से एए प्लस रेटिंग पाने वाली टीवीएस क्रेडिट समझदारी, मकसद और टीवीएस के मूल्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रही है।'' वेणु ने कहा, ''कंपनी सही समय पर, चरणबद्ध तरीके से और लंबी अवधि की रणनीतिक सोच के साथ, शेयरधारक मूल्य को और बढ़ाने और उसे खोलने के लिए वित्तीय सेवा कारोबार को अलग करने जैसे विकल्पों पर विचार कर सकती है।''



### कर्ज वितरण 26 प्रतिशत बढ़ा

वेणु ने कहा कि वित्तीय सेवा कारोबार के लिए वित्त वर्ष 2025-26 अच्छा रहा है। इसमें कर्ज वितरण 26 प्रतिशत बढ़ा और साल के अंत में कंपनी का संपत्ति आधार 30,000 करोड़ से अधिक रहा। कंपनी दोपहिया और उपभोक्ता खंड में 2.4 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रही है...।''

**90 से अधिक देशों में कंपनी की मौजूदगी**

वेणु ने कहा, ''हम अब 90 से अधिक देशों में मौजूद हैं। हम अफ्रीका के साथ-साथ लातिनी अमेरिका और एशिया को वृद्धि के लिहाज से दीर्घकालीन रणनीतिक रास्ते मानते हैं और अब यूरोपीय बाजार में भी कदम रख रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में और खासकर भारत में, दोपहिया सिर्फ एक 'लाइफस्टाइल' उत्पाद नहीं है, बल्कि जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में एक जरूरत है।

### अफ्रीकी बाजार में भरोसेमंद ब्रांड

वेणु ने कहा, ''खासकर अफ्रीका एक अहम मोड़ पर है। वहां युवा आबादी है जिसकी वाहनों की जरूरतें बढ़ेंगी। हम अफ्रीकी बाजार में एक भरोसेमंद ब्रांड हैं और हम उस पर और आगे बढ़ना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2026-27 में अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बढ़ने, मजबूती दिखाने और वृद्धि की उम्मीद है।

# टॉप-5 की जंग में भारत, मुक्केबाजी-एथलेटिक्स से पदकों की आस

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

*भारत के लिए पिछले दो दशक से राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है लेकिन मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। पिछले तीन दशक में यह सबसे छोटे राष्ट्रमंडल खेल हैं, जिनमें लागत में कटौती के कारण चार स्थानों पर सिर्फ दस खेलों की स्पर्धाएं होंगी और 74 देशों के करीब 3 हजार खिलाड़ी जोर आजमाइश करेंगे। ओवो हाइड्रो पर गुरुवार को उद्घाटन समारोह के जरिए इन खेलों की औपचारिक शुरुआत होगी। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धाएं भी साथ में होंगी।*

### 2002 के बाद भारत रहा शीर्ष पांच में

भारत मैनचेस्टर में 2002 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है। इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आए थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है।

**आज से कॉमनवेल्थ गेम्स, 74 देशों के 3 हजार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**



### भारोत्तोलन में नजरें मीराबाई चानू पर

भारोत्तोलन में नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारोत्तोलन में भारत के 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे क्योंकि राष्ट्रीय शिविर में कई खिलाड़ी डोप टेस्ट में नाकाम हुए हैं, जिससे भारत की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक जीतना चाहेंगी। वहीं 57 किलो में विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया बर्मिंघम में जीते कांसे को स्वर्ण में बदलने को उत्सुक होंगी।

### एथलेटिक्स में भारत के 32 खिलाड़ी करेंगे जोरआजमाइश

भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा। इसकी अगुवाई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे। वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पुरुषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं, जिन्होंने पिछले महीने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है।

### एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं : कुजूर



अनिमेष कुजूर को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि भारत के सबसे तेज धावक का तमगा अब गुरिंदरवीर सिंह के पास चला गया है, बल्कि 200 मीटर दौड़ का यह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी चाहता है कि आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन ही सब कुछ बयां करे। इस साल की शुरुआत में ओडिशा में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद कुजूर से अक्सर यह पूछा जाता रहा है कि क्या वह यह खिताब वापस हासिल करेंगे। जब कुजूर से भारत के सबसे तेज धावक का तमगा वापस पाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'बस एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, बस एशियाई खेलों तक इंतजार कीजिए। फिर हम दोबारा बात करेंगे।'

## खबर संक्षेप

### यॉर्कशर के लिए खेलेंगे कुलदीप यादव



**लीड्स।** भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए मौजूदा सत्र में 8 मैच खेलने का करार किया। यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्पिनर कुलदीप यादव के साथ विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### फिरोजा ने जीता चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स का खिताब



**चेन्नई।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ सातवें और अंतिम दौर की बाजी ड्रॉ खेलकर चौथे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फिरोजा ने सात दौर में दो जीत और पांच ड्रॉ के साथ कुल 4.5 अंक हासिल किए। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी और अंतिम दौर में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों एरिगेसी और उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर आधे अंक की बढ़त के साथ पहुंचे।

### शाहिदी ने अचानक छोड़ी कमान, रहमत बने कप्तान



**काबुल।** अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट टीम को नया कप्तान मिल गया है। अनुभवी बल्लेबाज़ हशमतुल्लाह शाहिदी ने अचानक कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने पहले वनडे और टेस्ट दोनों फ़ॉर्मेट में टीम की कप्तानी की थी। उनकी कप्तानी में ने कई ऐतिहासिक जीत हासिल कीं, लेकिन उन्होंने अचानक इस्तीफ़ा दे दिया। इसके बाद, अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रहमत शाह को वनडे और टेस्ट टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज़ रहमानुल्लाह गुरबाज़ को दोनों फ़ॉर्मेट के लिए उप-कप्तान बनाया गया है।

### 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे से

# दबाव में 'कप्तान' अय्यर, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली जीत की तलाश

**अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का सुनहरा मौका**

एजेंसी ▶▶| हरारे

श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में गुरुवार को उतरेगी।

कप्तान के रूप में पहले सात टी20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है, जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं।

### एक बार फिर नजरें सूर्यवंशी पर

भारत ने इस दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है, जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है। ऐसा नहीं है कि गंभीर जीतना नहीं चाहेंगे लेकिन अंतिम एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी आदत गंभीर की तुलना में कम है। एक बार फिर नजरें 'वंडर ब्वॉय' सूर्यवंशी पर होंगी, जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है।

### गेंदबाजों का चुनाव भारत की चुनौती

भारत के सामने असली चुनौती हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से एक को चुनने की है। तीनों में से कोई भी शुद्ध हरफनमौला नहीं है। ऐसे में तीनों को भी उतारा जा सकता है। शिवम को सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने बतौर बल्लेबाज परेशानी आई है। लेकिन उन्हें दो टी20 विश्व कप जीतने का अनुभव है। वहीं शेडगे की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरुप नहीं है तो हर्ष अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं।



### टीमें इस प्रकार

*भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान ), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह।*

*जिम्बाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका शिवांगा, बेन कुरेन, ब्राड इवांस, वेसले माधेवेरे, टी. मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स , रिचर्ड एनगारवा, न्यूमैन एन, मिल्टन शुम्बा, टी. सिगा।*

### उतार-चढ़ाव के बाद भी मेरा आत्मविश्वास बरकरारः वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले उनका आत्मविश्वास पूरी तरह कायम है। 15 वर्षीय सूर्यवंशी को भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 दौरे में शामिल किया गया। सूर्यवंशी ने कहा, 'हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। लेकिन मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखना है और टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि कम उम्र में ऐसी निराशाओं से उबरना आसान नहीं होता, लेकिन उन्हें अपने आसपास के लोगों और कोचिंग स्टाफ से पूरा सहयोग मिला, जिससे वह दोबारा अपना ध्यान खेल पर केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है कि मुझे जिस भी तरह की मदद या मार्गदर्शन चाहिए, कोच मुझे उपलब्ध करा रहे हैं। जितना अभ्यास मुझे चाहिए, वह भी मिल रहा है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास से भरा हूं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# टॉप-5 में भारत के 3 बल्लेबाज गिल नंबर-1 के बेहद नजदीक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद जारी नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल हैं। गिल दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के बेहद करीब हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की 1-2 की हार के दौरान तीन मैच में 188 रन बनाए और वह शीर्ष पर चल रहे मिचेल (802 अंक) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। कोहली (767) और रोहित (758) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

■ कोहली-रोहित का जलवा कायम

### आठवें पायदान पर रूट

इंग्लैंड के जो रूट चार स्थान की छलांग के साथ आठवें पायदान पर हैं। टीम के उनके साथी बेन डकेट भी 11 स्थान की लंबी छलांग के साथ संयुक्त 19वें पायदान पर हैं। जैकब बेथेल भी पांच स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर एकदिवसीय रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर हैं।

## सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप

# विश्व मंच पर तनिष्का व प्राची ने रचा इतिहास

**तनिष्का और प्राची ने एलिमिनेशन ड्रॉ में बनाई जगह**

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



भारतीय तलवारबाज तनिष्का खत्री और प्राची लोहान इतिहास रचते हुए सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप में 64 खिलाड़ियों के मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला एपी खिलाड़ी बनीं।

9 दिवसीय चैंपियशिप के पहले दिन प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्का और प्राची ने राउंड रोबिन पूल और शुरुआती एलिमिनेशन दौर की बाधा को पार करते हुए मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ मे जगह बनाई, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए अहम उपलब्धि है। ये दोनों अब 25 जुलाई को 64 खिलाड़ियों के एलिमिनेशन ड्रॉ में चुनौती पेश करेंगी, जहां उनका लक्ष्य शीर्ष 32 खिलाड़ियों में जगह बनाना होगा। पुरुष व्यक्तिगत फॉयल स्पर्धा में सचिन 107वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहे। आदित्य ने 137वां, सेनासम हेमाश सिंह ने 143वां और तेजस मनोज पाटिल ने 149वां स्थान हासिल किया। कोई भारतीय तलवारबाज मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।

# एटीपी टूरः बाएज ने केकमनोविच को दी मात, दूसरे दौर में मारी एंट्री

एजेंसी ▶▶| किट्जबुहेल

अर्जेंटीना के स्टार टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बाएज ने 'जेनराली ओपन' के पहले दौर में मियोमिर केकमनोविच को मात दी। ऑस्ट्रिया के शहर किट्जबुहेल में जारी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में बाएज ने कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्बियाई खिलाड़ी को शिकस्त दूसरे दौर में जगह बनाई। किट्जबुहेल में एटीपी 250 इवेंट में दो पूर्व चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में, बाएज ने 6-3, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। यह केकमनोविच के साथ उनके चार टूर-लेवल मुकाबलों में पहली जीत थी। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 2023 के चैंपियन बाएज को 13 ब्रेक प्वाइंट्स मिले, जिनमें से वे केवल तीन को ही भुना पाए, लेकिन फिर भी 1 घंटे 49 मिनट के बाद 2020 के चैंपियन केकमनोविच पर जीत हासिल करने में सफल रहे।



### अगले दौर में पहुंचकर खुश हूं : बाएज

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 18 खिलाड़ी बाएज ने कहा, मुझे वापस आकर खुशी हो रही है, क्योंकि यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यहां के लोग, भीड़, कोर्ट, शहर, सब कुछ पसंद है। हम एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते हैं। मुझे लगता है कि आज अहम बात यह थी कि प्रत्येक प्वाइंट पर डटे रहें और फोकस बनाए रखें, क्योंकि यहां ऊंचाई की वजह से कभी-कभी गेंद को कंट्रोल करना मुश्किल होता है।

# यूथ टेस्ट : टीम इंडिया का दबदबा, रायचंदानी का शतक



**कोलंबो।** सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के तीसरे दिन भारत अंडर-19 टीम की मजबूत स्थिति को और मजबूत करते हुए सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया। रायचंदानी ने सीरीज के पहले ड्रॉ मैच में दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने 116 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ने दिन में घरेलू टीम को 148 रन पर ऑलआउट करने के बाद अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 208 रन पर घोषित कर दी। पहली पारी में शतक लगाने वाले मनाल चौहान ने 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंका अंडर-19 ने तीसरे दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 122 रन से की थी।

# चाइना ओपनः सिंधू और लक्ष्य दूसरे दौर में, शेट्टी ने किया उलटफेर



**चांगझोउ।** आयुष शेट्टी ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी अल्वी फरहान को हरा दिया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने हमवतन उन्नति हुड्डा की कड़ी चुनौती से पार पाकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन ने भी अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने जापान के दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी यूशी तनाका को 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20, 15-21, 21-14 से हराया। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त विक्टर लाई का सामना करेंगे। लाई विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं।

## युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिपः भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया

# युवा हॉकी टीम की ओमान और पाक पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा।

केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया, जिसमें कप्तान ने चार गोल किए और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरुख अली ने दो-दो , प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक-एक गोल दागा।



### भारत ने पाकिस्तान को 7-4 से हराया

*पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7-4 से जीत दर्ज की, जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किए। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किए। पाकिस्तान के लिए असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किए।*

### गर्ल्स टीम ने उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया



भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिए चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किए जबकि भारत के लिए नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो-दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालयः रामापोर्ट तृतीय तल, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001, ई-मेलः recrobsp@canarabank.com

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002** के अधीन **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2)** के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार/ शाखा का नाम | कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2. | श्री राजू कुमार भरद्वाज पुत्र दिलीप कुमार एवं श्रीमती नीतु भारद्वाज पति राजू कुमार भारद्वाज शाखाः बलौदा बाजार | खसरा नं. 179/21 (खसरा नं. 179/2 का पुराना भाग) प.ह.नं. 15, आरआईसी एवं तहसील- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफलः 0.016 हेक्टेयर (162.081 वर्ग मीटर) में स्थित भूमि एवं आवासीय भवन । **चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** उत्तम अग्रवाल का प्लॉट, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** किशन रजक का मकान। | ₹ 50,71,445.74 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ। | 28/04/2026 / 20/07/2026 |

दिनांकः 22.07.2026, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक



# वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला डायनासोरों का अंत करने वाला उल्कापिंड

वॉशिंगटन। लगभग 6.6 करोड़ साल पहले पृथ्वी पर एक ऐसा भयानक हादसा हुआ था, जिसने दुनिया का इतिहास हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया। एक विशालकाय उल्कापिंड हमारी धरती से टकराया और उसने राज कर रहे सभी विशालकाय डायनासोरों सहित पृथ्वी की 75% प्रजातियों को पूरी तरह खत्म कर दिया। वैज्ञानिक सालों से इस बात का पता लगाने में जुटे थे कि आखिर वह उल्कापिंड किस चीज का बना था और अंतरिक्ष के किस कोने से आया था। अब यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया , पेरिस, ब्रुसेल्स और विएना के अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की टीम ने इस रहस्य से पर्दा उठा दिया है।

## 6.6 करोड़ साल पुराना सबसे बड़ा रहस्य




### गंधक नहीं, धूल का गुबार बना असली कातिल

अब तक माना जाता था कि उल्कापिंड में मौजूद सल्फर (गंधक) ने गैस बनकर वातावरण को जहरीला बनाया था। लेकिन, इस नई खोज ने उस पुरानी थ्योरी को थोड़ा बदल दिया है। सीओ कॉन्ड्राइट प्रकार के पत्थरों में कार्बन, जिंक, पानी और खास तौर पर सल्फर जैसे तत्व बहुत कम मात्रा में होते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि डायनासोरों के विनाश की मुख्य वजह सल्फर गैस नहीं, बल्कि टक्कर के बाद अंतरिक्ष और हवा में उड़ा अरबों टन बारीक मलबा और धूल थी।

### जुपिटर के पास से आई थी काल बनकर तबाही

शोधकर्ताओं का मानना है कि लगभग 10 किलोमीटर चौड़ा यह विशालकाय उल्कापिंड हमारे सौरमंडल के बाहरी हिस्से से आया था। यह संभवतः बृहस्पति ग्रह के पास मौजूद बाहरी एस्टेरॉयड बेल्ट या मलबे से भरे किसी दूर दराज इलाके से अपनी कक्षा भटककर सीधे पृथ्वी की ओर आ गया था। मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप पर जब यह गिरा, तो इसने 180 किलोमीटर चौड़ा 'चिक्सुलब क्रेटर' बना दिया। इसके प्रभाव से भीषण भूकंप, सूनामी और जंगलों में ऐसी आग लगी जिसने पूरी दुनिया को धुएं से ढक दिया।



### सौरमंडल का बेहद दुर्लभ 'सीओ कॉन्ड्राइट' पत्थर

वैज्ञानिकों ने क्ले (मिट्टी) की एक पतली परत में मौजूद निकल आइसोटोप का अध्ययन करके यह निष्कर्ष निकाला है। यह परत उसी क्रीटेशियस-पैलियोजीन प्रभाव की गवाह है। रिसर्च में पाया गया है कि धरती से टकराने वाला उल्कापिंड कोई साधारण चट्टान नहीं था, बल्कि वह 'सीओ कॉन्ड्राइट' नाम का एक बेहद दुर्लभ कार्बनिक एस्टेरॉयड था। इस तरह के उल्कापिंड पूरी पृथ्वी पर पाए जाने वाले कुल उल्कापिंडों का केवल 5 प्रतिशत ही हैं। यह सौरमंडल के सबसे पुराने और अछूते पत्थरों में से एक माना जाता है।

## रोचक खबरें

### यहां मंडप में होता है तालाब का विवाह, पंडित पढ़ते हैं मंत्र, फिर इस पौधे से रचाई जाती है शादी

**मधुबनी।** मिथिला में जब कोई नया पोखर या इनार खुदवाया जाता है तो उसे 'कुंवारा' माना जाता है। शादी किए बिना उसका पानी पीना-खेती में लगाना मिथिला में अशुभ मानते हैं। मान्यता है कि शादी के बाद ही तालाब 'पवित्र' होकर जल देता है और गांव में सूखा नहीं पड़ता है। दरभंगा, मधुबनी, सहरसा साइड में बड़े जमींदार या मुखिया नया पोखर खुदवाते हैं तो पोखरे का बियाह जरूर होता है। तालाब को दूल्हा, दुल्हन के लिए पीपल, बरगद या केला का पौधा पास में लगाया जाता है। जहां पंडित मंत्र पढ़ते हैं और भोज- भात का आयोजन किया जाता है। मिथिलांचल में पग -पग पोखर की कहावत भी है, यानी कि यहां हर आधा किलोमीटर, 1 किलोमीटर पर कोई ना कोई जलाशय यानी कि तालाब जरूर होता है। तालाब को मैथिली भाषा में पोखर कहते हैं। जब कोई नया तालाब यहां के किसी जमींदार या फिर मुखिया के द्वारा खुदवाया जाता है तो वह सिर्फ उसका नहीं रहता है, बल्कि वह पूरे समाज का होता है। मंदिर के पास या फिर कोई ऐसी जगह पर ही होता है। ताकि सब इसका लाभ ले सके, उससे पहले तालाब का विवाह होता है, जिसे पोखरी विवाह कहते हैं। जिसे शास्त्र में मानें तो 'जल संस्कार' भी कहा जाता है।




### भेड़ियों से भेड़ों को बचाएगी लोहे की पोशाक, तोड़ देगा शिकारी का जबड़ा

वियना। पूरी दुनिया में भेड़ पालन करने वाले किसान हमेशा जंगली भेड़ियों और खूंखार शिकारियों के आतंक से परेशान रहते हैं। रात के अंधेरे में शिकारी जानवर अक्सर अचानक हमला कर मासूम भेड़ों को अपना निवाला बना लेते हैं। इस नुकसान से बचने के लिए किसान सदियों से या तो ऊंची बाड़ लगाते आए हैं या फिर खूंखार शिकारी कुत्तों का सहारा लेते हैं। लेकिन, जरा सोचिए, अगर कोई शख्स मध्यकालीन युग के योद्धाओं की तरह इन बेजुबान भेड़ों को ही एक अभेद्य लौह सुरक्षा कवच पहना दे, तो नजारा कैसा होगा! यह सुनने में भले ही काल्पनिक कहानी लगे, लेकिन यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया के एक बुजुर्ग किसान और आविष्कारक ने इस अजीब तरकीब को सच में हकीकत बना दिया है। उन्होंने भेड़ियों के दांतों का मुकाबला करने के लिए भेड़ों के लिए एक स्पेशल बॉडी आर्मर तैयार किया है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। यह अनोखा मामला दक्षिणी ऑस्ट्रिया के फिलाच शहर के रहने वाले रुडोल्फ शौबाक की है। रुडोल्फ पिछले कई सालों से अपने देश और पड़ोसी देश जर्मनी में भेड़ियों के बढ़ते हमलों और उससे मरती भेड़ों की खबरों से बेहद दुखी थे। उन्होंने ठान लिया कि वे इन बेजुबान जानवरों को बचाने के लिए कुछ अलग करेंगे। लगातार 3 साल की कड़ी मेहनत, रिसर्च और कई तरह के डिजाइनों को आजमाने के बाद उन्होंने आखिरकार भेड़ों के लिए एक कामयाब प्रोटोटाइप यानी सुरक्षात्मक पोशाक तैयार कर ली। रुडोल्फ ने ऑस्ट्रिया की ऊंची आल्प्स पहाड़ियों पर बने कई फार्मों में भेड़ों को यह अजीबोगरीब कपड़ा पहनाकर इसका बाकायदा टेस्ट भी किया है, जिसके बाद से इस पूरे प्रोजेक्ट को लेकर एक नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। वे एक ऐसा हल्का और मजबूत कवच बनाना चाहते थे, जिसे पहनकर भेड़ें बिना किसी परेशानी के पहाड़ों पर घूम सकें, दौड़ सकें और घास चर सकें, लेकिन भेड़िए चाहकर भी उन्हें काट न पाएं। इसके लिए उन्होंने एक बेहद हल्के और मजबूत प्लास्टिक के जाल का इस्तेमाल किया।



चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# भारत का ऐसा शाही महल, जो पत्थरों से नहीं, बल्कि लकड़ी से बना है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


जब भी किसी शाही महल की बात होती है तो दिमाग में पत्थरों से बनी विशाल इमारतों की तस्वीर उभरती है। लेकिन भारत में एक ऐसा भी महल है, जिसकी सबसे बड़ी पहचान उसकी लकड़ी से बनी शानदार वास्तुकला है। केरल और तमिलनाडु की सीमा के पास पश्चिमी घाट की खूबसूरत वादियों में स्थित पद्मनाभपुरम पैलेस अपनी अद्भुत बनावट और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया में खास पहचान रखता है। लगभग चार शताब्दियों पुराना यह महल कभी त्रावणकोर साम्राज्य की राजधानी का शाही निवास हुआ करता था।

करीब 17वीं शताब्दी में निर्मित इस महल का बाद में त्रावणकोर के शासकों, विशेष रूप से राजा मार्तंड वर्मा ने विस्तार कराया. वर्ष 1795 में राजधानी तिरुवनंतपुरम स्थानांतरित होने तक यही महल प्रशासन और शाही गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा। लगभग 6.5 एकड़ में फैला यह विशाल परिसर आज भी अपने मूल स्वरूप में संरक्षित है। यहां पहुंचते ही लकड़ी के लंबे बरामदे, खुले आंगन और पारंपरिक स्थापत्य कला मानो आपको इतिहास के स्वर्णिम दौर में पहुंचा देते हैं।

इस महल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी निर्माण शैली है। इसे मुख्य रूप से उच्च गुणवत्ता वाली लकड़ी, लेटराइट पत्थर और पारंपरिक केरल वास्तुकला की तकनीक 'तच्चूशास्त्र' के आधार पर तैयार किया गया था। महल का चार मंजिला मुख्य भवन उस समय की शाही जीवनशैली के अनुसार बनाया गया था। इसमें राजा के निजी कक्ष, पूजा स्थल, ध्यान कक्ष और खजाना रखने के लिए अलग-अलग हिस्से मौजूद थे।

## 400 साल बाद भी हर दीवार वैसी की वैसी





### बारीक लकड़ी की नक्काशी

महल के भीतर की बारीक लकड़ी की नक्काशी आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। यहां रखा गया राजा का विशेष पलंग कई औषधीय लकड़ियों से तैयार किया गया था। इसके अलावा दीवारों पर बने 17वीं और 18वीं शताब्दी के भित्ति चित्र उस दौर की संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं और शाही जीवन की झलक दिखाते हैं। परिसर में स्थित प्राचीन क्लॉक टावर का पुराना मैकेनिज्म आज भी कार्यरत है।


### महल का नहीं किया गया आधुनिकीकरण

यह ऐतिहासिक धरोहर तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में थुक्कलै के पास स्थित है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन नागरकोइल और निकटतम हवाई अड्डा तिरुवनंतपुरम है। सड़क मार्ग से भी यह स्थान आसानी से पहुंचा जा सकता है। अक्टूबर से मार्च के बीच का मौसम यहां घूमने के लिए सबसे अनुकूल माना जाता है। खास बात यह है कि समय के साथ इस महल का आधुनिकीकरण नहीं किया गया, बल्कि इसकी मूल वास्तुकला और ऐतिहासिक पहचान को पूरी सावधानी से संरक्षित रखा गया है। यही वजह है कि पद्मनाभपुरम पैलेस आज भी भारतीय विरासत और पारंपरिक कारीगरी का एक शानदार उदाहरण माना जाता है।



# पैदा होते ही 6 महीने का हो गया ये बच्चा!

## 6.5 किलो वजन, एक बार में पीता है 2 बोतल दूध; कपड़े भी पड़ गए छोटे



लंदन। ब्रिटेन के मिल्टन कीन्स अस्पताल में एक महिला ने करीब 6.4 किलो वजन के एक अनोखे बच्चे को जन्म दिया है। सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए दुनिया में आया यह बच्चा आम नवजात शिशुओं से बिल्कुल दोगुना बड़ा है। शारीरिक आकार इतना बड़ा होने के कारण बच्चे के लिए खरीदे गए न्यूबॉर्न साइज के सभी कपड़े छोटे पड़ गए और उसे जन्म के पहले ही दिन से सीधे 6 महीने के बच्चों के कपड़े पहनाने पड़े हैं। कपड़ों के साथ-साथ इस बच्चे की खुराक भी हर किसी को हैरान कर रही है, क्योंकि यह नवजात शिशु एक बार में ही दो-दो बोतल दूध गटक जा रहा है।

### 33 साल की मां, 6 फीट लंबे हैं पिता

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 5 फीट 7 इंच लंबी, 33 साल की मां जेनेली रॉस की यह प्रेग्नेंसी बेहद उतार-चढ़ाव और शारीरिक तकलीफों से भरी थी। गर्भ में पल रहे बच्चे का आकार इतनी तेजी से बढ़ रहा था कि डॉक्टरों को हर 14 दिन पर जेनेली का विशेष अल्ट्रासाउंड और ब्लड शुगर लेवल का टेस्ट करना पड़ रहा था। हालांकि, आधुनिक तकनीकों के बावजूद डॉक्टर कोख में छिपे इस राज को पहले नहीं पकड़ पाए और डिलीवरी के वक्त ही बच्चे के असली वजन का पता चल सका। जेनेली के पति विक्टर ओकनमे की लंबाई 6 फीट है, जिसे देखते हुए विशेषज्ञ इसे जेनेटिक्स का एक दुर्लभ मामला मान रहे हैं। जेनेली के पहले से दो बच्चे और हैं, लेकिन यह नया मेहमान अपने दोनों भाई-बहनों के जन्म के समय के वजन से ठीक दोगुना है।

### क्या ये ब्रिटेन का सबसे वजनी बच्चा है?

मेडिकल हिस्ट्री के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह बच्चा मामूली अंतर से ब्रिटेन के इतिहास का सबसे वजनी बच्चा बनने से चूक गया। देश में सबसे भारी बच्चा होने का रिकॉर्ड साल 1992 में जन्मे गाय कार के नाम दर्ज है, जिसका वजन 15 पाउंड 8 औंस (7 किलोग्राम से अधिक) था। इसके बाद साल 2013 में जॉर्ज किंग (15 पाउंड 7 औंस) और 2021 में अल्फा स्टोन मिशेल (14 पाउंड 15 औंस) का नाम इस लिस्ट में आता है। फिलहाल अस्पताल के डॉक्टरों ने मां और बच्चे दोनों को पूरी तरह से फिट और स्वस्थ घोषित किया है।

### 70 साल के पिता की खातिर बेटे ने 55 फीट ऊंचे खजूर के पेड़ पर बनवा डाली सीढ़ियां

**चेन्नई।** ऐसे कई लोग हैं जिन्हें अपनी रोजी-रोटी के लिए रोजाना कई फीट ऊंचे पेड़ों पर चढ़ना पड़ता है। ऐसे में खतरा बना रहता है, लेकिन परिवार और पेट के खातिर लोग हर तरह के जोखिम उठा लेते हैं। एक ऐसी ही कहानी बयां करता दिल छू लेने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जहां एक किसान बेटे ने अपने 70 साल के पिता के लिए कुछ ऐसा काम किया कि, लोग आज बेटे की तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। दरअसल, तमिलनाडु के सलाईपुथुर गांव में एक बेटे ने अपने 70 साल के पिता की परेशानी को दूर करने के लिए खजूर के पेड़ पर ही चारों तरफ सीढ़ियां लगवा दी हैं।







हरिभूमि
Ninh 24x7
आवश्यकता है
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज़ चैनल inh के लिए
कंटेंट क्रिएटर
ट्रेनिंग
डिजिटल विभाग में ट्रेनिंग कार्य हेतु फ्रेशर्स संपर्क करें।
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9522283349
07714242223

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com